हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 23.1 डिग्री

*ट्रेनों में वेटिंग अधिक होने से रक्षाबंधन पर घर जाने अब लोग बसों में करवा रहे बुकिंग*

# रक्षाबंधन में ट्रेनों में नो एंट्री, बसें बनीं अंतिम सहारा भीड़ से किराया और एडवांस बुकिंग दोनों बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रक्षाबंधन को लेकर ट्रेनों में बुकिंग फुल होने के बाद अब बसों में भी भीड़ बढ़ गई है। रायपुर से महानगरों को जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में बुकिंग बंद हो चुकी है। वेटिंग की संख्या निर्धारित होने से कई यात्रियों के टिकट कन्फर्म होने की संभावन भी कम होती जा रही है। गुरुवार को रायपुर से भोपाल, दिल्ली, मुंबई समेत उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों भी भीड़ देखने को मिली। स्लीपर में पहले की तुलना में त्योहारी भीड़ कम देखी गई है, लेकिन जरनल कोच में दबाव अधिक रहा। इधर उन रूट की बसों में भीड़ देखने को मिली, जिसके लिए ट्रेनों में बुकिंग बंद हो चुकी है। रायपुर से रीवा, सतना समेत अंबिकापुर और संबलपुर जाने वाली बसों में भीड़ रही।

हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला बसों में अधिक किराया केवल 8 से 11 अगस्त के बीच ही वसूला जा रहा है। रायपुर से नांदेड़ के लिए हर दिन दो ट्रेन की सुविधा है, लेकिन वर्तमान में फुल है। बस में 8 से का किराया 2500 तक है, लेकिन 20 अगस्त को किराया उसी बस में 1700 तक है। यह किराया ट्रेन के स्लीपर से भी अधिक है। ऐसा ही उज्जैन, रांची, पटना जाने वाली बसों में यात्रियों से वसूला जा रहा है। किराया में 200 से 500 हजार तक फर्क है।



### एमपी, यूपी और बिहार की बसों का अधिक किराया

रक्षाबंधन यूपी व बिहार की ट्रेनों में वेटिंग अधिक है। इस वजह से बस संचालकों ने इसी रूट में किराया बढ़ा दिया है। ट्रेन में रायपुर से पटना का सफर स्लीपर में 510 है, तो वही बस में यात्रियों को 1700 तक देना पड़ रहा है। सीधी बस नहीं होने से यात्रियों को अंबिकापुर से बस बदलना भी पड़ रहा है। दूसरी तरफ वेटिंग यात्रियों को सफर करने की अनुमति नहीं होने से यात्री वेटिंग अधिक देखकर टिकट नहीं खरीद रहे हैं। अमरकंटक एक्सप्रेस में सभी कोच का वेटिंग 70 के पार है। इसी तरह समता में स्लीपर फुल हो चुकी है। दिल्ली संपर्क क्रांति, छत्तीसगढ़ के स्लीपर भी रायपुर में बुकिंग बंद हो चुकी है।

### जनरल कोच फिर हुए ठसाठस

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। सोमवार को डोंगरगढ़-बिलासपुर पैसेंजर में यात्रियों की ठसाठस भीड़ रही। इसके साथ एक्सप्रेस ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही भीड़ दोगुना हो गई। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए जंग लड़ते नजर आए। कोच में खड़े होने की जगह नहीं होने के बाद भी यात्री चढ़ने का प्रयास करते रहे। उमस के बीच ठसाठस भरी बोगियों में यात्रियों को घुटन महसूस होने लगी।



### छोटी बसों में भी एडवांस में बुकिंग

रायपुर से राजिम, धमतरी, गरियांबद के साथ महासमुंद और बलौदाबाजार समेत सरायपाली की बसों में महिलाएं ठसाठस भीड़ के बीच सफर कर रही हैं। बसों में भीड़ का सिलसिला सप्ताहभर चलेगा। आमतौर पर लंबी दूरी की बसों में ही एडवांस में बुकिंग होती है, लेकिन तीज पर घर जाने के लिए लोग एक दिन पहले से ही अपनी सीट बुकिंग करवा रहे हैं, ताकि बैठने के लिए सीट ▶▶ शेष पेज 11 पर

**केस 1**

8 से 11 अगस्त को रायपुर से नासिक का किराया 3500 से 4000 है, लेकिन 20 अगस्त को का इसी बस में किराया बुक माय ट्रिप में 2500 दिखा रहा है। 1000 रुपए अधिक बढ़ाया है।




**केस 2**

8 से 11 अगस्त को को रायपुर से इंदौर का बस किराया 2300 है। वही रक्षाबंधन के बाद 1700 तक किराया कर दिया गया है। ट्रेन में इतने किराए में सेकंड एसी में सफर कर सकते हैं।



**केस 3**

रायपुर से भोपाल का किराया आज और कल तक 2500 है, तो वही 12 अगस्त के बाद किराया 1300 से 1450 तक है।



## खबर संक्षेप



### लूट के आरोप में नाबालिग सहित तीन धरे गए

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। मोटर गैरेज संचालक अजहर खान की रिपोर्ट पर पुलिस ने शिवशंकर ध्रुव, फिरोज साहू तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। मंगलवार दोपहर अजहर खाना खाने जा रहा था, इस दौरान सुलभ शौचालय के पास तीन बदमाश अजहर को रास्ते में रोककर उसके जेब से पांच सौ रुपए, बाइक की चाबी तथा मोबाइल लूटकर भाग गए। अजहर ने बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला करने की कोशिश की। परिचितों के आ जाने पर बदमाश मोबाइल तथा बाइक की चाबी फेंककर मौके से फरार हो गए थे।

### दोपहिया से शराब ले जाते कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने दोपहिया से शराब तस्करी करते एक कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच हजार रुपए कीमत की 50 पौवा देशी शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रघु सोनी को आमासिवनी के पास शराब ले जाते पकड़ा है। किसी के कहने पर रघु शराब की डिलीवरी देने जा रहा था।

### बलवा मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पिछले महीने जुलाई के प्रथम सप्ताह में कचरा फेंकने के विवाद पर बलवा कर जानलेवा हमला करने के मामले मेंतीन फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राकेश चंद्र तिवारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने शेख जावेद, मोहसीन खान, मुश्ताक अली उर्फ चिंटू को गिरफ्तार किया है। बलवा के मामले में पुलिस अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है।

### दो बाइक बरामद, शातिर चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर तथा मौदहापारा थाना क्षेत्र से दो महंगी बाइक चोरी करने के आरोप में एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से दो बाइक बरामद की है। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मौदहापारा निवासी फैजान खान उर्फ फज्जू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फैजान को चितरंजन सरकार तथा स्वप्निल मिश्रा की शिकायत पर धर-दबोचा। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज की पहचान कर पुलिस ने फैजान को गिरफ्तार किया है।

पंजीयन विभाग सभी को जारी कर चुका है आरआरसी, करोड़ों का मामला

# जिस जमीन पर मकान, उसे खाली बताकर रजिस्ट्री, 12 साल में 400 केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

पंजीयन विभाग का सिस्टम ऑनलाइन होने के पहले रायपुर जिले में रजिस्ट्री में गड़बड़ी का बड़ा खेल हुआ है। 12 साल में तकरीबन 400 लोगों ने स्टाम्प ड्यूटी चोरी कर रजिस्ट्री करा ली है। इससे शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी होने पर विभाग ने स्टाम्प ड्यूटी चोरी करने वाले सभी लोगों को पहले कई बार नोटिस जारी किए थे। इन नोटिसों के बाद भी जब लोगों ने चोरी की गई स्टाम्प ड्यूटी को जमा नहीं कराया, तो सभी के विरुद्ध आरआरसी जारी किया है। इसके तहत विभाग इन लोगों से स्टाम्प ड्यूटी की राशि रिकवरी करने उनकी भूमि, संपत्ति को कुर्की भी करा सकता है।

### इस तरह की स्टाम्प ड्यूटी चोरी

विभागीय सूत्रों के अनुसार स्टाम्प चोरी करने लोगों ने कई तरह के तरीके अपनाए गए हैं। इनमें कई लोगों ने वर्गफीट की जगह हेक्टेयर में जमीन दिखाकर रजिस्ट्री करा ली हैं, जिसमें स्टाम्प ड्यूटी कम लगी है। इसी प्रकार कई लोगों ने मकान, भवन निर्मित जमीन को खाली जमीन बताकर उसकी रजिस्ट्री करा ली है, जबकि मकान-भवन की रजिस्ट्री के लिए अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी लगती है।

**सबसे होगी वसूली**




### पिछले 12 वर्षों में स्टाम्प ड्यूटी चोरी के सबसे ज्यादा प्रकरण

विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले में लगभग चार सौ स्टाम्प ड्यूटी चोरी के प्रकरण सामने आए हैं। ये सभी प्रकरण पिछले 12 साल के बीच के हैं। इनमें लगभग ढाई सौ प्रकरण तत्कालीन कांग्रेस शासन काल के हैं। कांग्रेस शासनकाल में रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत की छूट दी गई थी, जिसके कारण पिछले पांच वर्षों में जमीन, मकान, फ्लैट की जमकर खरीदी-बिक्री हुई थी। इस छूट के अलावा भी लोगों ने स्टाम्प ड्यूटी चोरी कर रजिस्ट्रियां कराई हैं।

### रिकवरी करने आरआरसी जारी

स्टाम्प ड्यूटी चोरी के चार सौ प्रकरण में आरआरसी जारी हुआ है। इन लोगों से रिकवरी होनी है। इसकी प्रक्रिया जारी है।

**- विनोज कोचे**
पंजीयक
पंजीयन विभाग रायपुर

### रजिस्ट्री के बाद जानकारी मिलने पर नोटिस जारी

पंजीयन विभाग के एक उप पंजीयक ने बताया कि पहले ऑनलाइन सिस्टम नहीं था, इसलिए रजिस्ट्री के समय जो दस्तावेज स्टाम्प ड्यूटी के जमा किए जाते थे, उसके आधार पर रजिस्ट्री कर दी जाती थी। रजिस्ट्री के बाद जब विभाग को पता चलता था कि जिस जमीन की रजिस्ट्री हुई है, उसमें मकान या भवन भी बना हुआ है, तो इसकी जांच कर संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया जाता था कि वह मकान एवं भवन की भी स्टाम्प ड्यूटी जमा कराए, लेकिन इस नोटिस के बाद भी कई लोगों ने जमा नहीं किया।

### ऑनलाइन सिस्टम आने के बाद स्टाम्प ड्यूटी चोरी होना बंद

पंजीयन विभाग ने जब से ऑनलाइन सिस्टम लागू किया है, तब से स्टाम्प ड्यूटी की चोरी होना भी लगभग बंद हो गई। ऑनलाइन सिस्टम में प्रॉपर्टी से संबंधित सारे दस्तावेज के साथ फोटो भी अपलोड किया जाता है, जिससे रजिस्ट्री के दौरान तुरंत पता चल जाता है कि प्रॉपर्टी के लिए कुल कितनी स्टाम्प ड्यूटी लगनी है।

# 9 दिन बाद काम पर लौटे तहसीलदार, पहला दिन पेंडिंग काम निपटाने में बीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्यभर के तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार गुरुवार से काम पर लौट आए। इनके लौटते ही तहसील कार्यालयों में काम नहीं होने के कारण पसरा सन्नाटा भी खत्म हो गया। तहसीलदारों की हड़ताल खत्म होने की खबर लगने पर बड़ी संख्या में लोग अपना काम लेकर तहसील कार्यालयों में पहुंचना शुरू हो गए हैं। हालांकि काम पर लौटने का पहला दिन तहसीलदारों के दफ्तरों में पेंडिंग कामकाज ही निपटाने में बीता। इस कारण नए काम लेकर पहुंचने वालों को बैरंग लौटना पड़ा। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सुनवाई की मिलने लगी तारीख

तहसीलदारों के हड़ताल के कारण न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की सुनवाई भी पूरी तरह से ठप रही। इस दौरान जिन पक्षकारों की पेशी की तारीख दी गई थी, उन लोगों की तारीख आगे बढ़ा दी गई। हालांकि पेशी की तारीख बढ़ाने का काम भी कर्मचारियों को ही करना पड़ा। कुछ तहसीलदार न्यायालय के कर्मचारियों ने तो हड़ताल का हवाला देकर पेशी की नई तारीख भी नहीं दी गई। पक्षकारों को हड़ताल खत्म होने के बाद तारीख का पता करने कहकर लौटा दिए थे, लेकिन हड़ताल खत्म होने पक्षकारों को भी राहत मिली है, उन्हें पेशी की तारीख भी मिलने लगी है।

**इस तरह के अटके रहे काम भी होने लगे :** तहसीलदारों की हड़ताल के कारण नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के अलावा, आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र जैसे मामलों की फाइलें भी अटकी रही। तहसीलदारों के काम पर वापस लौटने के बाद अब ये अटके हुए काम भी होने लगे हैं।


# 12 गुना महंगा हो गया टमाटर, पांच रुपए में बिकने वाला अब 60 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 60 रुपए कैरेट बिका था लोकल टमाटर, अब दाम 12 सौ रुपए कैरेट

लोकल टमाटर की आवक अब नहीं होने के कारण बाहर से आ रहे टमाटर ने ऐसा भाव खाना प्रारंभ किया है कि अब टमाटर के दाम 12 गुना ज्यादा हो गए हैं। चार माह पहले जब लोकल टमाटर की आवक हो रही थी, तो टमाटर के दाम चिल्हर में ही 5 रुपए से किलो तक थे, लेकिन अब दाम 60 रुपए किलो हो गए हैं। जो टमाटर लोकल आवक के चलते 60 रुपए कैरेट में बिक रहा था, वह अब 12 सौ रुपए कैरेट में बिक रहा है। इसी के साथ आवक भी आधी हो गई है। आने वाले तीन माह तक इसमें राहत मिलने वाली नहीं है। दाम सौ रुपए तक जाने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में टमाटर की लोकल फसल मई के अंतिम सप्ताह तक आ रही थी। इसके बाद जैसे ही बाहर से टमाटर की आवक प्रारंभ हुई, टमाटर धीरे-धीरे भाव खाने लगा।



### दाम कम होने के आसार नहीं

लोकल टमाटर की फसल अक्टूबर में आने के बाद ही टमाटर के दाम कम होंगे। अभी कर्नाटक से टमाटर आने के कारण 12 सौ रुपए कैरेट तक दाम है।

**- टी. श्रीनिवास रेड्डी,** अध्यक्ष
डूमरतराई थोक सब्जी मंडी

### पांच रुपए में बिका है टमाटर

लोकल फसल की आवक प्रदेश में आमतौर पर अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से होती है। शुरू में लोकल फसल के दाम भी कम नहीं रहते हैं। छत्तीसगढ़ से भी टमाटर अब दूसरे राज्यों में जाने लगा है। जब टमाटर की आवक भारी मात्रा में होने लगती है तो दाम कम होते जाते हैं। एक समय ऐसा भी आता है जब लोकल टमाटर के दाम थोक मंडी में एक से दो रुपए किलो हो जाते हैं। किसानों से इसी दाम पर टमाटर लेकर दो से तीन रुपए किलो में बेचे जाते हैं। अच्छी क्वालिटी का लोकल टमाटर इस साल पांच रुपए किलो चिल्हर में बिका है। थोक में इसके दाम 60 रुपए कैरेट तक गए हैं।

## उत्तरी हिस्से में आज भारी बारिश चार दिन बाद प्रदेश होगा तरबतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चार दिन बाद पूरे प्रदेश में व्यापक बारिश होगी। इसके पहले शुक्रवार को प्रदेश के उत्तरी हिस्से में बारिश होगी। मौसम विभाग ने आज के लिए कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है।

- 12 अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा, गुरुवार शाम हुई बारिश ने दूर की उमस

गुरुवार देर शाम हुई बारिश ने राजधानी का तापमान गिरा दिया, वहीं उमस से भी लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़ और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर हिमालय की तराई के पास से होते हुए उत्तर पूर्व अरुणाचल तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से प्रदेश में 8 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

# राजधानी रायपुर में एक दर्जन फीडरों की खराबी से कई इलाकों में बिजली रही गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में गुरुवार शाम को चली तेज हवा के कारण कई इलाकों में बिजली के तारों पर पेड़ गिरने के कारण करीब एक दर्जन फीडरों में खराबी आने से शहर के कई इलाकों में बिजली एक से दो घंटे तक बंद रही। पॉवर कंपनी की टीम ने खराबी को ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया और खराबी को ठीक करके बिजली व्यवस्था को बहाल किया।

गुरुवार की शाम को मौसम बदला और पहले तेज हवा चलने लगी। ऐसा होते ही कई इलाकों में बिजली के तारों पर पेड़ गिरने के कारण बिजली बंद हो गई। वैसे भी राजधानी रायपुर में ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां पर बिजली के तारों के आसपास पेड़ न ▶▶ शेष पेज 11 पर

**पॉवर कंपनी की टीम ने युद्ध स्तर पर काम करके किया बिजली व्यवस्था को बहाल**



# शोएब मुलाकाती कक्ष में जबरन घुसा, जेल प्रशासन ने किसी भी बंदी से मिलने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- शोएब ढेबर पर जेल प्रशासन ने तीन महीने के लिए किसी भी बंदी से मिलने पर लगाई रोक

केंद्रीय जेल रायपुर में बंद शराब घोटाले का सरगना अनवर ढेबर के बेटा पर जेल प्रशासन ने जेल में किसी भी बंदी से मिलने तीन महीने के लिए रोक लगा दी है। आरोप है कि शोएब ढेबर बुधवार को मुलाकाती कक्ष में बगैर अनुमति जबरन घुसने की कोशिश कर रहा था। रोकने की कोशिश करने पर शोएब ने सुरक्षा प्रहरियों के साथ हुज्जतबाजी की। इसीलिए जेल प्रशासन ने शोएब पर जेल में मुलाकात पर प्रतिबंध लगाया है।


जेल अधीक्षक ने आदेश जारी कर कहा है कि शोएब ढेबर अधिवक्ता मुलाकात के समय जेल अधिकारियों के रोके जाने के बावजूद ▶▶ शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# प्रार्थना - सभा



## स्व. श्री प्रवीणचन्द्र छगनभाई मोदी

जन्म 31.03.1932 | महाप्रयाण 06.08.2025

मोदी परिवार के आधार स्तंभ, सहृदय, परोपकारी,
परम पूजनीय **श्री प्रवीणचन्द्र मोदीजी** की
आत्मा की सद्गति हेतु **चलित प्रार्थना - सभा**
दिनांक 08.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे
पाटीदार भवन, फाफाडीह, रायपुर में रखी गई है।

**विनीत**

सुरेखा प्रवीणचन्द्र मोदी
सरल - नेहा मोदी
आकाश - स्व. निकिता मोदी
धैर्य - गुंजन मोदी

प्रीति रमेश मोदी
तरल - मेघा मोदी
क्षितिज - अमी मोदी
युगांक - निष्का मोदी

प्राची, अनिकेत, ऐतिका, तितिक्षा, त्वेशा, रीतम एवं निर्वेद

**प्रतिष्ठान**

महेन्द्र कम्पनी । मोदी सन्स । आकाटेक्स । कला मंदिर । मोदीस फैबवर्ल्ड एलएलपी

## निधन

### मंजू विश्वकर्मा



रायपुर। ललिता चौक बढ़ईपारा निवासी मंजू विश्वकर्मा का 7 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अगस्त को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे भाजपा के वरिष्ठ सदस्य, छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा की पत्नी थीं।

### राजेंद्र सुराणा



रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर निवासी राजेंद्र सुराणा (87) का 7 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अगस्त को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे श्रीपाल सुराणा के पिता एवं अक्षत के दादा थे।

### सुखराम यादव



रायपुर। टिकरापारा निवासी सुखराम यादव (57) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरजूबांधा श्मशानघाट में किया गया। वे झेरिया यादव समाज टिकरापारा के प्रचार मंत्री थे।

### संतूराम यादव



रायपुर। टिकरापारा निवासी झेरिया यादव समाज के वरिष्ठ सदस्य संतूराम यादव (70) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरजूबांधा श्मशान घाट में किया गया। वे तरुण, महेश के पिता थे।

### पन्नालाल डागा



रायपुर। केनाल रोड, इंद्रावती कॉलोनी निवासी जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के सुश्रावक पन्नालाल डागा (83) का 7 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पंकज और पीयूष डागा के पिता एवं सम्यक डागा के दादा थे।

### महावीर यादव

रायपुर। टिकरापारा निवासी महावीर यादव (65) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरजूबांधा श्मशान घाट टिकरापारा में किया गया। वे मधु यादव के बड़े भाई थे।

# सरोना में 18 करोड़ की लागत से बनेगा 100 बिस्तर का आधुनिक अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सरोना में सौ बिस्तरों वाले आधुनिक अस्पताल का निर्माण होगा। इसके लिए शासन ने 18 करोड़ 26 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। यहां आधुनिक अस्पताल के बनने से सरोना सहित इसके आसपास रहने वाले हजारों लोगों को इस अस्पताल का लाभ मिल सकेगा। बताया गया कि अस्पताल में प्राथमिक से लेकर आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रहेंगी। इससे लोगों को बड़े अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार जताया है।

## विधायक राजेश मूणत ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति जताया आभार

### क्षेत्र में लंबे समय से अस्पताल की थी जरूरत

सरोना क्षेत्र में लंबे समय से अस्पताल की जरूरत थी। इस क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन से लेकर प्राथमिक उपचार कराने के लिए भी एम्स, आंबेडकर अस्पताल या जिला अस्पताल जाना पड़ता था। कई लोग तो आपातकालीन में निजी अस्पतालों की ओर भी रुख करते हैं, जहां इलाज कराना काफी महंगा पड़ता है। आधुनिक अस्पताल के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी।




### ये सुविधाएं मिलेंगी

यह अस्पताल पूरी तरह से आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें सामान्य चिकित्सा, प्रसूति एवं शिशु रोग, सर्जरी, आपातकालीन सेवाएं, एक्स-रे, पैथोलॉजी, ओपीडी, इनडोर मरीजों के लिए बिस्तर सुविधा, दवाइयों की उपलब्धता जैसी सभी मूलभूत सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इससे न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### इन कार्यों के लिए भी प्रस्ताव

उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में जल्द ही बंगाली होटल हीरापुर के पास से लेकर कबीर चौक के पास करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण, साइंस कॉलेज में अत्याधुनिक छात्रावास तथा आमानाका में बहुउद्देशीय खेल परिसर निर्माण संबंधी प्रस्ताव भी है।

### कई और विकास कार्य होंगे

राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए वे निरंतर प्रयासरत है। इस अस्पताल के निर्माण के साथ ही आने वाले दिनों में क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी कई महत्वपूर्ण विकास कार्य आरंभ किए जाएंगे। इनमें एक हजार सीटर नालंदा लाइब्रेरी 19 करोड़ रुपए की लागत से पानी टंकी, तकरीबन 19 करोड़ रुपए की लागत से वर्किंग वुमन हॉस्टल, सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण, जल निकासी व्यवस्था का सुधार, स्कूलों और शिक्षा संस्थानों का उन्नयन, पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाना और सामुदायिक भवनों का निर्माण जैसी योजनाएं शामिल हैं।

## खमतराई थाना क्षेत्र के बिरगांव स्थित व्यास तालाब के पास की घटना

# दो साल के बच्चे को परिजन लावारिस हालत में मिनीडोर में छोड़ भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के बिरगांव स्थित व्यास तालाब के पास गुरुवार को किसी जोड़े ने एक दो साल के बच्चे को एक मिनी डोर में लावारिश हालत में छोड़ दिया और भाग गया। जिस मिनी डोर में बच्चे को छोड़ा गया था, उस मिनी डोर के मालिक के बच्चे ने अपनी गाड़ी में लावारिश हालत में बच्चे को देख कर इसकी जानकारी परिजनों को दी, तब अन्य लोगों के साथ पुलिस को बच्चे के बारे में जानकारी मिली। बच्चे के माता-पिता की जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने बच्चे को सुरक्षा के लिहाज से कोटा स्थित मातृ छाया में रहने के लिए भेजा। बच्चे के पास एक चिट्ठी मिली है। चिट्ठी में किसी का नाम नहीं लिखा है। चिट्ठी महिला ने लिखी है या पुरुष ने, पत्र की लेखनी से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

बिरगांव के स्थानीय पार्षद तथा एमआईसी मेंबर इकराम अहमद के अनुसार सुबह सात बजे के करीब बस्ती वालों को जगदीश साहू के मिनी डोर में लावारिश हालत में बच्चा होने की जानकारी मिली। बच्चा धूल से सना हुआ था। बस्ती की महिलाओं ने बच्चे को नहलाने के बाद नए कपड़े की व्यवस्था कर उसे भोजन कराया। बच्चे के पास ही में एक चिट्ठी मिली। चिट्ठी में किसी का नाम नहीं था। चिट्ठी में बच्चे को नहीं पाल सकने की बात का उल्लेख करते हुए किसी से गोद लेने अपील की गई है।

### स्थानीय रहवासियों ने पुलिस की मदद से बच्चे को कोटा स्थित मातृ छाया में भेजा



### पत्र में यह लिखा है...

सॉरी मेरे को माफ कर देना, मैं इस दुनिया में जीना नहीं चाहता हूं। मेरा कोई नहीं है, मेरे रहने के लिए भी जगह नहीं है। इसीलिए बच्चा को छोड़कर जा रहे हैं। अपना न आए कोई तो अपना लेना इस बच्चे को, मैं अनाथ बन गया, इसलिए इस दुनिया में जीना नहीं चाहता। इसीलिए हम इस लेटर को लिख रहे हैं। मेरे, बच्चे को अपना लेना, मरने जा रहा हूं.. गुड बॉय।

### रेकी करने के बाद बच्चे को छोड़ा

स्थानीय पार्षद के अनुसार बस्ती के लोगों ने एक दिन पूर्व एक जोड़े की गोद में बच्चे को देखा था। जोड़ा अपने मुंह में स्कार्फ बांधे हुए था, इसलिए बस्ती वाले उस जोड़े को नहीं पहचान पाए। आशंका जताई जा रही है कि किसी महिला ने प्रेम प्रसंग के कारण बच्चे को लावारिश हालत में छोड़ दिया और अपने प्रेमी के पास भाग गई होगी। स्थानीय लोगों ने जब बच्चे को देखा, तो बच्चा के हाथ में एक कुरकुरे का पैकेट था।

# फर्जी कंपनी बनाकर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 59 लाख की ठगी

## जालसाज राजस्थान से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के अलग-अलग राज्यों में संचालित शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह के मास्टर माइंड को रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। जालसाज ने फर्जी कंपनी बनाकर रायपुर के एक कारोबारी को शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर पिछले वर्ष जनवरी में 59 लाख की ठगी की थी। रेंज साइहर पुलिस ने गिरफ्तार किए गए जालसाज के अकाउंट में जमा 13 लाख रुपए को फ्रीज कराया है।

पंडरी, जयश्री विहार कालोनी निवासी विकास लाहोटी से ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान, जयपुर निवासी प्रदीप जैन को गिरफ्तार किया है। कारोबारी को ठगने के लिए जालसाज ने प्रज्ञा इंटर प्राइजेस मल्टीपल नामक फर्जी कंपनी बनाकर सोशल मीडिया में विज्ञापन जारी किया था। विज्ञापन के झांसे में आकर कारोबारी ने प्रदीप से संपर्क किया, तो उसने अपने आपको ग्रेनाइट का बड़ा कारोबारी बताते हुए शेयर ट्रेडिंग का कारोबारी होना बताया।

### ठगी करने बनाई थी अलग-अलग कंपनियां

गिरफ्तार जालसाज के बैंक अकाउंट की जांच करने पर रेंज साइबर पुलिस ने पाया कि प्रदीप ने एक दर्जन के करीब राज्य के लोगों के साथ करोड़ों की ठगी की है। प्रदीप तथा उससे जुड़े गिरोह को कई राज्यों की पुलिस तलाश कर रही है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार प्रदीप किसी तरह से कोई काम नहीं करता है। वह एक अलग से गिरोह बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को फंसाकर ठगी करने का काम करता है। प्रदीप ने ठगी के पैसों से जयपुर की मानसरोवर कालोनी में मकान लिया है। प्रदीप ने जिन राज्यों में ठगी की है, रेंज साइबर पुलिस उन राज्यों की पुलिस को प्रदीप के पकड़े जाने की जानकारी देगी।

## लाइनमैन और निगम अधिकारियों की लापरवाही, लाखों लीटर पानी बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 3 अंतर्गत मंडी पानी टंकी में गुरुवार को लाइनमैन की लापरवाही की वजह से करीब एक लाख से ज़्यादा आबादी को शाम का पानी नसीब नहीं हुआ। इससे कालीमाता वार्ड, हेमू कालाणी वार्ड, रमण मंदिर वार्ड, राजीव गांधी वार्ड, अवंतिबाई वार्ड की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दरअसल, नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित कृषि मंडी पानी टंकी से कनेक्ट 4 वार्डो के रहवासियों को गुरुवार की शाम जल आपूर्ति बाधित रहने से लोग परेशान रहे। सूत्रों के मुताबिक लाइनमैन हॉजी शफीक अली ने मुख्य पानी टंकी का वॉल खोलकर छोड़ दिया, जिससे टंकी का पूरा पानी दिनभर में बह गया और टंकी खाली रह गई। हैरानी की बात ये रही कि जोन 3 के अधिकारियों ने जल आपूर्ति पर कोई अपडेट नहीं लिया, इस वजह से ये स्थिति उत्पन्न हुई। इस पूरे घटनाक्रम में जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू ने निगम आयुक्त विश्वदीप को शिकायत कर लाइनमैन को तत्काल हटाकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका ये भी कहना है कि लाइनमैन की लापरवाही से मंडी टंकी का 32 लाख लीटर शुद्ध पानी व्यर्थ बह गया।

## पेज 9 के शेष ...

### छोटी बसों में भी...

मिल सके। रायपुर से सरायपाली के भी चलने वाली बस के संचालक ने बताया कि बस में जो पहले आता है, सीट उन्हें मिलती है, लेकिन कुछ लोग एक दिन पहले बसस्टैंड पहुंचकर सीट बुकिंग करवा रहे हैं। पहली बार ऐसी स्थिति बनी है। दोपहर के समय बसों में भीड़ है, लेकिन सुबह और रात के समय बसस्टैंड से ही ओवरलोड बसों का संचालन हो रहा है। यात्री बसों के दरवाजे पर लटक कर यात्रा करने पर मजबूर हैं।

### 9 दिन बाद काम...

जिले के तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरण सात हजार पारः तहसीलदारों की हड़ताल खत्म होने के बाद रायपुर जिले के तहसीलों में कामकाज फिर से शुरू हो गया है। हड़ताल के पहले जिले के तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का आकड़ा लगभग सात साढ़े छह हजार था जो अब बढ़कर सात हजार के करीब पहुंच चुके हैं। इस तरह हड़ताल के दौरान लगभग पांच सौ प्रकरण बढ़े हैं।

### राजधानी रायपुर में एक...

हों। जैसे ही तेज हवा चलती है, तो बिजली के तारों पर पेड़ों की डालियां गिर जाती हैं और बिजली बंद हो जाती है। तेज हवाओं के कारण राजधानी के करीब एक दर्जन 33 और 11 केवी के फीडरों में खराबी आ गई। जिन फीडरों में खराबी ज्यादा नहीं थी, उनको तत्काल प्रारंभ कर दिया गया, लेकिन जिन फीडरों के क्षेत्र में तारों पर पेड़ गिरे थे, वहां पर बिजली व्यवस्था बहाल होने में समय लगा। छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, डीडीनगर, अश्वनी नगर, सुंदर नगर, कचना, शंकर नगर सहित कई बड़े इलाकों में एक से दो घंटे तक बिजली बंद रही।

**तत्काल काम किया प्रारंभ :** रायपुर सर्किल एक के अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा ने बताया, शहर में तेज हवाओं के कारण जहां भी बिजली बंद होने की जानकारी मिली, वहां पर अमला भेजकर उसको ठीक करवाने का काम किया गया। हर डीसी सेंटर के एई, जेई के साथ डीई भी खराबी ठीक करवाने के लिए जुटे रहे। ज्यादातर फीडरों में बिजली व्यवस्था बहाल करने में ज्यादा समय नहीं लगा।

### शोएब मुलाकाती कक्ष में...

जबरदस्ती मुलाकात कक्ष में घुस गया। इस दौरान न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई, बल्कि जेल संचालन में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ। जेल प्रशासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक मुलाकाती कक्ष में जरूरत पड़ने पर अभियुक्त से केवल अधिवक्ताओं को उनके आवेदन पर आवश्यकतानुसार उनसे मुलाकात कराई जाती है। परिजनों को अलग से सप्ताह में एक बार मुलाकात की अनुमति दी जाती है। घटना की जांच उप जेल अधिक्षक एमएन प्रधान से कराई गई।

शोएब के तीन महीने के लिए किसी भी बंदी से मिलने रोक लगाए जाने की पुष्टि करते हुए जेल सुपरिंटेंडेंट ने स्पष्ट किया कि जेल की सुरक्षा और अनुशासन सर्वोपरि है। भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## पीएमजीएसवाय से हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई




रायपुर। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में कार्यरत युवराज शर्मा अपने 40 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए। विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने विदाई पार्टी के दौरान उनके स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं कीं।


## शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि मेरे पूज्य पिता जी **श्री रामाधार बंजारे** पिता स्व. श्री जोगीराम बंजारे का स्वर्गवास दिनांक 31 जुलाई 2025 गुरूवार को हो गया है। जिनका कार्यक्रम निम्नानुसार है :

स्व. श्री रामाधार बंजारे

संपूर्ण दशगात्र कार्यक्रम
दिनांक : 10 अगस्त 2025 रविवार
स्थान : ग्राम छछानपैरी, तह. अभनपुर थाना मुजगहन, जिला रायपुर (छ.ग.)

शोकाकुल
अवधराम, जीवनलाल, गिरजाशंकर, छत्रधारी, डालेश्वर, भवानीशंकर, राजा राज बंजारे एवं समस्त बंजारे परिवार

विनीत
के.आर. बंजारे (अधिवक्ता) पुत्र
श्रीमती लछनी बाई बंजारे (पत्नी)

मो. 89658-33947, 96916-37758, 96444-90132



### :: आम सूचना ::

**भूमि खसरा नं. 206/9 रकबा 5000 वर्गफीट हेक्टेयर ग्राम पुरैना प.ह.न. 67 रा.नि.म. रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री भागवत कौशल पिता श्री राजेन्द्र कौशल निवासी मकान नं. 15 डी पी होम्स अमलीडीह ने विक्रेता डॉ. भावेन्द्र त्यागी पिता श्री आर. बी. त्यागी निवासी गुलमोहर वाटीका न्यू, पुरैना रायपुर वाले से उनके हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि खसरा 206/9 रकबा 5000 वर्गफीट स्थित ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67 रा.नि.म. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है ।

अतः उक्त संव्यहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निगम मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को कोई उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाषन के पंद्रह दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा । तदनुसार सूचना जाने

रायपुर
दिनांक 07 अगस्त 2025

वास्ते पक्षकार, श्री भागवत कौशल, महेशमणी साहू (अधिवक्ता)
कार्या. एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल, श्याम प्लाजा पुराना बस स्टेण्ड, पण्डरी रायपुर (छ.ग.)
मो. 9131006939 / 9425216457



### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है; कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 10324 दिनांक 02.01.2010 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एफ 1 सी-11/201 को श्री रूद्र प्रताप सिंह चौहान पिता श्री जय सिंह चौहान के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.02.2012 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री रूद्र प्रताप सिंह चौहान पिता श्री जय सिंह चौहान**, निवासी सेक्टर-2, गली नं. 3, मकान नं. 4, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्री एगेश्वर कोर्राम पिता श्री गन्नू राम कोर्राम**, निवासीः- वार्ड नं. 15, ग्राम - खैरवाही, तहसील-बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एफ1 सी-11/201 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर



न्यायालय : द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी - डी. एन. भगत)

प्रो. क्र. - 1023, प्र. क्र. - 427/25 पे. ता. - 14.08.2025, धारा- 11(7) वि. शून्य
आवेदक / आवेदिका.........................शुभांग शर्मा
बनाम
अनावेदक / अनावेदिका............अंबिका अग्रवाल

**प्रति,**
**अनावेदक / अनावेदिका-अंबिका अग्रवाल**
**निवासी पता :- आयु लगभग 36 वर्ष, पुत्री - श्री अधीश कुमार अग्रवाल, निवासी-सी-330, मैत्री नगर, सुंदर नगर, जिला-रायपुर छ.ग.**

उपरोक्त आवेदक / आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 11(7) वि. शून्य का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 14/08/2025 को 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य / दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 14/08/2025 को प्रस्तुत कर सकते है।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 30 माह 07 सन 2025 को जारी किया गया।
स्थान-रायपुर
दिनांक - 30/07/2025

(डी.एन. भगत)
द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)



### न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

### सूचना

मामले का विषय-अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक 156/अ-27/वर्ष 2015-16
पक्षकार-संतोष सिंह (मृत) सतीश सिंह वगैरह
विरूद्ध श्रीमती कुंती बाई वगैरह
श्रीमती केजा बाई पति स्व. बलदाऊ सिंह
निवासी-ग्राम सरोरा,
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी संतोष सिंह (मृत) वारिसान सतीश सिंह आ. स्व. संतोष सिंह निवासीगण ग्राम गौरमाटी, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम के राजस्व प्रकरण क्रमांक 9 अ-27 वर्ष 2014-15 में पारित आदेश दिनांक 23.02.2016 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा-44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 09.10.2025 दिन-गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 31.07.2025

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग



## PAWAN CONSULTANCY

- MBBS, MS/MD
- BDS, MDS
- BAMS
- BHMS
- BNYS
- BPT
- NURSING
- PARAMEDICAL
- D. PHARMA
- B. PHARMA
- M. PHARMA
- B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
- AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
- ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
- BBA, MBA
- LLB, LLM
- BCA, MCA
- VETERINARY
- B.Lib, M.Lib
- Nursery to Class 12th (All subject)
- All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
- PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION

We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission

Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur

Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements

- Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
- Education Loan Facility
- On The Spot Admission

Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366



## VIVEKANANDA INSTITUTE FOR HUMAN EXCELLENCE

(College Division)
(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur)
College Code - 184
Limited seat available

ADMISSION OPEN
B.com | BBA | PGDCA | DCA | PGDYEP (Yoga)

Upcoming Courses
BCA | B.Sc. | BA

Facilities
- Availability of Govt. Scholarship
- Educational Facilities & Sufficient Infrastructure
- Extra-curricular activities
- Personality Development
- Guest Lecture and Workshop
- Industrial Visit
- Training and placement

Merit Scholarship
20% Discount for 90% & Above
15% Discount for 85% & Above
10% Discount for 75% & Above

Vivekananda Vidyapeeth
Ramakrishna Paramhansa Nagar Kota, Raipur (C.G.)
76469-00502, 72229-82437
/_v_i_h_e_/
/vivekanandvidyapeeth
vivekvidya.ac.in
vihe1929@gmail.com



## HEALTH TOWN

### आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक

सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

### निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

NMH
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

### रामकथा

आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राज्य जैवलिन थ्रो स्पर्धा में नारा का आकाश तृतीय

**आरंग।** स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में नारा ग्राम के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आकाश चंद्राकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से करीब 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में आकाश चंद्राकर ने अपने सधे हुए थ्रो से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया और कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच पोडियम तक पहुंचने में सफलता हासिल की। यह उपलब्धि न सिर्फ आकाश के लिए बल्कि पूरे नारा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। आकाश की इस सफलता पर गांव में उत्साह का माहौल है। परिजनों, ग्रामीणों और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। क्षेत्रीय खेलप्रेमियों ने उम्मीद जताई कि उचित मार्गदर्शन और प्रशिक्षण मिलने पर आकाश भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। आकाश ने मीडिया को बताया कि उक्त प्रतियोगिता हिमांशु व तुलसी सर के मार्गदर्शन पर ही उक्त सफलता हासिल कर सका।

### स्कूलों में पुस्तक और शिक्षक उपलब्ध कराएं



**आरंग।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय समोदा व क्षेत्र के स्कूलों में वर्तमान में शिक्षकों और पुस्तकों की भारी कमी है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल खुले हुए डेढ़ से दो महीने हो गए हैं, लेकिन अभी तक पुस्तकें नहीं आई हैं और शिक्षकों की कमी भी बनी हुई है। शिव साहू पूर्व जोन अध्यक्ष समोदा ने छात्र हित मे स्कूलो में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध कराए जाने व स्कूलो में पर्याप्त शिक्षकों की भर्ती किए जाने की मांग की।

### पुस्तकें नहीं मिलने से पालकों आक्रोश



**आरंग।** ग्राम भिलाई मे पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने छात्रों के लिये शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। वही पालकों की मध्यान्ह भोजन में पर्याप्त सफाई न बरतने की शिकायत पर शिक्षकों ने गुणवत्ता बनाए रखने का आश्वासन दिया। कक्षा पहली से दसवीं तक शासन द्वारा मुफ्त में पुस्तक प्रदाय योजना के तहत अभी तक विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण न किए जाने पर पालकों विशेष कर ग्राम के

# प्रधानमंत्री के साथ नई दिल्ली के ध्वजारोहण कार्यक्रम में धरसींवा के दो सरपंच होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

15 अगस्त, 2025 को दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस साल छत्तीसगढ़ की पहचान और भी मज़बूत होगी। छत्तीसगढ़ के रायपुर ज़िले की धरसींवा जनपद पंचायत के दो सरपंचों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

धरसींवा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच श्री श्रवण वर्मा और ग्राम पंचायत मोहदी के सरपंच श्री गिरधर साहू को यह निमंत्रण उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला है।

## देवरी के दिव्यांग सरपंच श्रवण वर्मा और मोहदी सरपंच गिरधर साहू को मिला न्योता

### सरपंचों को शुभकामनाएं दी

धरसींवा जनपद पंचायत के सीईओ श्री आशीष केशरवानी ने इस सम्मान के लिए दोनों सरपंचों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल इन पंचायतों का, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव है। यह साबित करता है कि सच्ची शक्ति शरीर में नहीं, बल्कि हमारे हौसलों में होती है।



### हौसले की मिसाल हैं श्रवण वर्मा

देवरी के सरपंच श्री श्रवण वर्मा की कहानी सच्ची प्रेरणा है। दोनों पैरों से 90% दिव्यांग होने के बावजूद, उन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को कभी अपने रास्ते की रुकावट नहीं बनने दिया। उनकी मेहनत, लगन और दूरदर्शिता ने देवरी ग्राम पंचायत को एक नई दिशा दी। उनके नेतृत्व में पंचायत ने महिला सशक्तिकरण और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए, जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।

### प्रयासों को बढ़ा रहे आगे

*इन सरपंचों को यह सम्मान उन सराहनीय कार्यों के लिए मिला है, जो वर्ष 2020 से 2025 के बीच इन पंचायतों के पूर्व सरपंचों द्वारा किए गए थे। उन प्रयासों का ही नतीजा है कि इन पंचायतों को आज राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। वर्तमान में, सरपंच श्रवण वर्मा और गिरधर साहू अपने-अपने गांवों को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे पूर्व सरपंचों द्वारा शुरू किए गए कार्यों को और बेहतर ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि उनकी पंचायतों का नाम रोशन होता रहे। यह सम्मान अब उन्हें दिल्ली तक ले जाएगा, जहां वे अपनी ग्राम पंचायत की पहचान बनाएंगे।*

## सम्मेलन : बच्चों की दिनचर्या पालक करें सुनिश्चित तो अनुशासन में निखार आएगा

# स्कूलों के शिक्षक-पालक सम्मेलन में शिक्षा की गुणवत्ता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



गुरुवार को उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड आरंग के समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पालकों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। इसी क्रम में विकासखंड स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसरंगी में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सभापति गुरु सौरभ साहेब ने शाला विकास पर न केवल पालकों से बात की अपितु विद्यार्थियों से बात करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहां की छत्तीसगढ़ शासन का उद्देश्य बैठक के माध्यम से शैक्षिक विकास में तेजी लाना है तथा उन्होंने अपने छात्र जीवन के बारे में भी बताया। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने जिला कलेक्टर रायपुर के द्वारा संचालित योजनाएं मिशन उत्कर्ष, पढ़े रायपुर लिखे रायपुर हरियर पाठशाला, नौनिहाल छात्रवृत्ति, ऑपरेशन उद्घोष, प्रोजेक्ट यू शेप, ऑपरेशन घंटी आदि पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शाला विकास में पालक शिक्षक एवं विद्यार्थी तीनों कड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण है और बैठक का उद्देश्य संवाद स्थापित होना एवं सामूहिक सहभागिता के साथ शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाते हुए समस्याओं को हल करना भी है। उन्होंने माता-पिता को बच्चों का प्रथम गुरु बताया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत फलदार पौधे भी लगाए गए। वही छात्रों को निशुल्क साइकिल वितरण भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के अन्य स्कूलों में न्योता भोज, स्वास्थ्य परीक्षण जैसी गतिविधियां भी संचालित हुई एवं जनप्रतिनिधि गण को भी आमंत्रित किया गया तथा पालकों को अभिव्यक्ति का अवसर दिया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जनपद सदस्य संजय धृतलहरे, सरपंच दामिनी राजू मिर्धा, उपसरपंच मंजू दास, एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्य गण, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, प्राचार्य अनीता कुंती लकड़ा, संकुल समन्वयक सुदर्शन दास मानिकपुरी, मनोज मुछावर, नरेंद्र ठाकुर व शाला स्टाफ सहित 100 से भी अधिक माताओं एवं पालकों की उपस्थिति दर्ज की।

### पालक-शिक्षक बैठक में मोबाइल पर रोक लगाने पर बनी सहमति



**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोढ़ी के प्रांगण में गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक व प्राथमिक शाला के पालको-शिक्षको बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पालक, ग्रामवासी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, अनुशासन तथा सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि बच्चों को स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शिक्षकों और पालकों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि मोबाइल की लत से बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, साथ ही इससे अनुशासनहीनता भी बढ़ती है। इसके अलावा नशा पान से संबंधित किसी भी गतिविधि को गंभीरता से लेते हुए स्कूल परिसर में पूर्णतया निषेध घोषित किया गया। बैठक के दौरान पालकों व शिक्षकों के मध्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद हुआ। शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, नियमित गृहकार्य और परीक्षा तैयारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में नियमित रुचि लें और घर पर भी अनुशासित वातावरण बनाए रखें। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। अंत मे विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश्वरी शर्मा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि पालकों की सक्रिय भागीदारी से बच्चों की शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की बैठकों का आयोजन समय-समय पर जारी रहेगा जिससे विद्यालय और पालक वर्ग के मध्य समन्वय और सशक्त हो सके। इस निर्णय से ग्राम में एक सकारात्मक संदेश गया है और उम्मीद जताई जा रही है कि बच्चे अब और अधिक अनुशासित और एकाग्र होकर पढ़ाई में मन लगाएंगे। बैठक में ममता सिंह, सुनिता पाण्डेय, अनामिका प्रभा कौशिक, सरिता बैस, शिखा ध्रुव, गिरधारी कुर्रे, नेताम सर, पीके साहू, ओपी सर, शाला विकास समिति अध्यक्ष हीरादास वैष्णव, सरपंच नेहा सोनवानी, राजेश वर्मा उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।शिक्षको व अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का समापन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

### गुल्लू के पालक शिक्षक बैठक में मिशन उत्कर्ष पर की चर्चा



**आरंग।** छत्तीसगढ शासन के मंशानुरूप जिला प्रशासन रायपुर के निर्देशानुसार प्रभारी प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में शिक्षा सत्र 2025-26 का प्रथम मासिक बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम शाला परिवार की ओर से शाला के मुख्य प्रवेश द्वार पर सभी अतिथियों एवं पालको का तिलक चंदन से स्वागत कर कार्यक्रम स्थल शैक्षिक हाल में लाया गया। जहां अतिथियों ने मां सरस्वती व भारत माता तथा छत्तीसगढ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात प्रभारी प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसकी महत्ता बताई, शाला के व्याख्याताओं ने क्रमशः मिशन उत्कर्ष सहित विभिन्न बिंदुओं के माध्यम से आए हुए पालकों से चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। वहीं प्रबंधन विकास समिति के सांसद प्रतिनिधी पंकज पटेल ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सफलता पर बधाई दी। अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने अपने उद्बोधन में सभी को शाला के विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी को सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत गुल्लू के उपसरपंच योगेश्वर साहू, पंचगण अरविन्द टंडन, लोकनाथ धीवर, जितेंद्र साहू, हेमराज टंडन, सुग्रीव पटेल, धनेश्वर धीवर, शीतल बंजारे, पालकगण संतोष पटेल, चंद्रभान सिन्हा, हरिश्चंद्र निषाद, रविकुमार निर्मलकर, अंजली सोनी, ललिता बंजारे, तोमीन बाई साहू शाला के प्रभारी प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा, , जगदीश धीवर, सनातन गौ धन समिति के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, मेघा समिति के रेणूपाल, महिला प्रकोष्ठ भाजपा से बसन्ती साहू, पालक व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शिक्षक पालक बैठक में गुणवत्ता पर की चर्चा



**आरंग।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाटापारा रीवा में शासन के निर्देशानुसार प्रथम शिक्षक पालक बैठक 2025 आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत रीवा के सरपंच घसिया राम साहू, उपसरपंच सूरज साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमलता धीवर, उपाध्यक्ष खेदिया यादव, प्रधान पाठक शिप्रा बिस्वास, शिक्षक देवकी साहू, खारुन धृतलहरे एवं सदस्यगण छात्र-छात्राएं एवं 32 पालक उपस्थित थे। इस बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से बताया गया। उसके पश्चात विद्यार्थियो के शैक्षिक स्तर में सुधार एवं शारीरिक - मानसिक एवं सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। पालकों ने भी शिक्षण में सुधार के लिए सुझाव दिए। शासन की विभिन्न योजनाओं के हरिहर पाठशाला योजना तहत जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियो ने नीम, आवला, जामुन, आम एवं सिंदूर के पौधें लगाकर बैठक का समापन किया।

### पालक शिक्षक बैठक में आंखों की हुई जांच



**आरंग।** गुरुवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुखेरा में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे के द्वारा 130 विद्यार्थियों के आंखों की जांच भी की गई तथा महिला बाल विकास सुपरवाइजर रानो गोस्वामी के द्वारा भी बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी माताओ को दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठकगण अरविंद वैष्णव एवं के के साहू के द्वारा जिला कलेक्टर रायपुर के निर्देशन में संचालित योजनाएं हरियर स्कूल, ऑपरेशन घंटी, प्रोजेक्ट यू शेप एवं नोनीहाल छात्रवृत्ति आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ने कहा कि इस प्रकार की बैठक अत्यंत सराहनीय है। जिससे संवाद हीनता समाप्त होती है एवं शाला विकास को बल मिलता है। बैठक में शाला विकास योजना पर विस्तार से चर्चा हुई तथा एसएमसी अध्यक्ष रेखराज देवांगन, पार्वती देवांगन, पंच गण सनत बघेल, दीनदयाल कुर्रे, डेविड ढीढी, गोवर्धन मेहर, कुशाल देवांगन, रोहित बघेल, परशु रात्रे, शिक्षकगण रामनारायण कन्नौजे, घनश्याम साहू विमला चौहान, नोहर लाल यादव, फातिमा जांगड़े सहित माताओ एवं पालकों की सहभागिता रही।

### चपरीद स्कूल में प्राचार्य ने दिया न्योता भोज



**आरंग।** शासन के आदेशानुसार विकासखंड के सभी विद्यालयों में 7 जुलाई को शिक्षक पालक सम्मेलन रखा गया। इसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चपरीद मे भी इसका आयोजन हुआ। जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष चर्चा की गई। इस कड़ी में एसएमसी के सदस्य सभी शिक्षक व पालक गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्राचार्य जेआर आल्हा ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सभी बच्चों को न्योता भोज कराया। मध्याह्न भोजन के साथ पूरक आहार के रूप में केला व जलेबी पाकर बच्चे बड़े प्रसन्न हुए। कक्षा आठवीं से छात्रा भूमिका, छाया, चित्रलेखा, योगिता, प्रिया ने स्वयं द्वारा निर्मित गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस आयोजन में शिक्षक बिजेंद्र सोनी, योगेंद्र साहू, प्र.पा. ईश्वर साहू, नेमेश्वर साहू, फागेंद्र, संदीप कुशवाहा, योगेश यादव, सरस्वती साहू, किरण पुड़के आदि की उपस्थिति रही।

### संडी स्कूल में शिक्षक ने दिया न्योता भोज




**आरंग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय संडी में शिक्षक पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शाला विकास समिति की अध्यक्षा पुष्पांजलि विनोद राव, सदस्यगण, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। इस बैठक में शैक्षिक स्तर में सुधार एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। पालकों ने भी शिक्षण में सुधार के लिए सुझाव दिए। इस कड़ी में युक्तियुक्तकरण से रायपुर से पधारे नवागंतुक शिक्षक अरुण कुमार धीवर ने बच्चों को न्योता भोज दिया। जिसमें मध्याह्न भोजन के अलावा केला, समोसा, जलेबी, गुलाब जामुन परोसा गया। पूरक आहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। समन्वयक युवराम साहू ने शिक्षा गुणवत्ता सुधारने शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शाला प्रभारी पं छत्रधर दीवान ने बच्चों को स्वस्थ बुद्धिमान और धनवान बनने हेतु प्रातः बह्म मुहूर्त में जागने की प्रेरणा दी। पीटीएम में पं छत्रधर दीवान, युवराम साहू, टी के कोटरे, अरुण धीवर, धनंजय साहू, प्राथमिक विद्यालय से प्र.पा. जी आर साहू, आर एस कुंजे, सरोजनी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# अज्ञात टैंकर के कैमिकल से लखौली में 10-12 एकड़ की फसल सूखकर हुआ पैरा, लाखों की क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- सरपंच ने थाने में की शिकायत पर अभी कार्रवाई की पहल नहीं





लखौली बस्ती के समीप मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात टैंकर चालक द्वारा सड़क किनारे खाली पड़ी जगह पर डामर जैसे काले रंग की टैंकर में भरी केमिकल को धोया गया। इस दौरान केमिकल को साफ करने में उपयोग किए गए रासायनिक तत्व नाली के माध्यम से खेतों में पहुंच गए। इसका प्रभाव इतना घातक रहा कि लगभग 10- 12 एकड़ में लहलहाती फसल देखते ही देखते पूरी तरह सूख गई और पैरा में तब्दील हो गई। प्रभावित किसानों ने बताया कि उन्हें लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है।

फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं। फिलहाल बारिश थमी हुई है, लेकिन यदि आगामी दिनों में भारी वर्षा होती है तो यह केमिकल मिश्रित पानी आसपास की अन्य जमीनों में भी फैल सकता है, जिससे और अधिक क्षेत्र प्रभावित होने की आशंका है। प्रभावित खेत 100 एकड़ के एक बड़े प्लाट से जुड़े हुए हैं, जिससे नुकसान की आशंका और भी अधिक बढ़ गई है।किसानों ने खेत में कीटनाशक, फफूंदनाशक सहित कई तरह की कृषि दवाइयों का छिड़काव कर फसल को बचाने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी उपाय का कोई असर नहीं हुआ। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जिस जमीन में यह केमिकल युक्त पानी गया है, वहां की मिट्टी की उपजाऊ क्षमता समाप्त हो सकती है और भविष्य में वह बंजर में तब्दील हो सकती है।

### पीड़ित किसानों ने की मुआवजे की मांग

प्रभावित किसान प्रशासन से उचित मुआवजा और दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस हादसे ने न केवल फसल बल्कि मिट्टी की सेहत और पर्यावरणीय संतुलन को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कृषि विभाग से प्रभावित किसान त्वरित राहत और पुनर्वास की उम्मीद कर रहे हैं। इधर केमिकल से प्रभावित आधा दर्जन से अधिक किसानों जिनमे चन्द्रहास चन्द्राकर व सन्तोष साहू के 1.5 एकड़, देवनाथ साहू 4 एकड़ मोहन साहु व राधे साहू के 1 एकड़ व राजू साहू के आधा एकड़ से ज्यादा सहित अन्य किसानों के खेतों में लगी धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई।

### खेत की मिट्टी हुई काली

कुछ खेतों की मिट्टी तक काली हो गई है। गंभीर बात यह है कि पिछले 4-5 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण रासायनिक असर स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। अब तक 10-12 एकड़ क्षेत्र की फसल चौपट हो चुकी है, जबकि आगे जुड़े करीब 100 प्लॉट्स की स्थिति बारिश होने पर और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। यह कहना कठिन है कि आने वाले समय में नुकसान की सीमा कहां तक पहुंचेगी। इस घटना से प्रभावित क्षेत्र से गुजरने वाले राहगीरों को अत्यधिक बदबू का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को मुंह ढककर गुजरना पड़ रहा है। विशेषकर आरंग पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों और उनके साथ आने वाले पालकों को बस का इंतजार करते समय सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

### अरुंधती स्कूल में हुआ पीटीएम व न्योता भोज

**आरंग।** पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंग में पीटीएम का आयोजन हुआ। जिसमे पालकों ने पाठ्य पुस्तको के उपलब्धता मे हो रही देरी को लेकर जल्द से जल्द नए पाठ्य पुस्तकों को स्कूलों मे भेजनें की मांग की, जिससे बच्चों की पढाई और प्रभावित न हो।

### शराब व गांजा जब्त, एक महिला गिरफ्तार



**आरंग।** आरंग पुलिस ने अवैध शराब व गांजा बिक्री कर रही महिलाओ को गिरफ्तार किया। आरंग थाना प्रभारी ने बताया की बुधवार को आरंग कालेज चौक के पास से आरोपीया तरीका देवार पति जुगनू देवार उम्र 47 वर्ष निवासी कॉलेज चौक आरंग को अवैध रूप से शराब बिक्री किये जाने की सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर रेड़ कार्यवाही किया गया। जाँच के दौरान उसके कब्जे से 48 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब किमती 5280 रू. का बरामद कर जप्त किया गया। आरोपीया के विरूद्ध अप.क्र. 451/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानतीय होने से न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में केन्द्रिय जेल रायपुर रवाना किया गया। वही बुधवार को ही आरंग देवार पारा के झोपड़ी मकान से आरोपिया चमेली नागरे पति उत्तम नागरे उम्र 45 वर्ष निवासी देवार पारा आरंग के कब्जे मे 1.6 किलोग्राम गांजा किमती 16000 रू. का रखे मिला। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसका कृत्य अपराध क्र. 452/2025 धारा 20 (बी) नारकोटिक एक्ट का पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा गया है।

# मुरुम की अवैध खुदाई में संलिप्त सात जेसीबी एवं 11 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चन्दखुरी



नया रायपुर क्षेत्र में लगातार अवैध मुरुम खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसे लेकर रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन में नवा रायपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर चल रेह रेह अवैध मुरुम खनन करने वालों पर बड़ी कार्यवाही की गई है। 6 - 7 अगस्त की रात को सत्य साइ अस्पताल के पीछे स्थित जमीन में अवैध खनन की सूचना मुखबीर के माध्यम से प्राप्त हुई थी। इसके बाद, नवा रायपुर के अतिरिक पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में और एनआरडीए के डिप्टी कलेक्टर अरविंद शर्मा के साथ एक विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम के वहां पर पहुंचने से अवैध खनन में लिप्त ड्राइवर और चालक सब गाड़ी छोड़कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके पर से कुल 7 जेसीबी और 11 हाईवा तथा एक ट्रैक्टर की जप्ती की गई है। मामले में ज्ञात हुआ कि अवैध खनन माफियाओं द्वारा लगातार क्षेत्र की सरकारी जमीन को खोदकर करोड़ों रुपयों का नुकसान पहुंचाया जा रहा था, इसलिए विशेष अभियान चलाकर उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही की गई है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही


**"उद्घोषणा"**

क्रमांक 6296/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 05/06/2025

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्री खुबलाल साहू पिता स्व. श्रीराम साहू एवं श्री तुषाल साहू पिता स्व. मनराखन लाल साहू को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक बी-73ए रकबा 154.00 वर्गमीटर सेक्टर 10 में आबंटित हैं। क्रेता श्री प्रीतम कुमार साहू पिता श्री भागत राम साहू निवासी-परसकोल, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. उक्त भूखण्ड को दिनांक 24.03.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नही होगा।
दिनांक 05.06.2025 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)**

# निगम, मंडल, आयोग में कुर्सी के लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं

**आधा दर्जन से ज्यादा निगम, मंडल, पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की बची है नियुक्ति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग में अप्रैल में 36 पदों पर जिन भाजपा नेताओं को नियुक्ति किया, उनमें से आधा दर्जन के पदों में पेंच फंसा था। इसमें से चार पदों का पेंच सुलझाने के लिए एक संशोधित दूसरी सूची जारी करके तीन अध्यक्षों और एक उपाध्यक्ष को दूसरे पदों पर नियुक्त किया गया है। इसके बाद खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा का भी पदभार हो गया है। अब सिर्फ एक ही पद का पेंच बचा है। इसके लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। इसी तरह से अब जिन नेताओं को पद नहीं मिल सके हैं, उनको भी निगम, मंडल, आयोग में कुर्सी पाने के लिए ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ेगा। संभावना है कि इसकी सूची जल्द जारी होगी।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है। इनमें से आधा दर्जन नेताओं



के पदों पर पेंच भी फंसा गया था, ऐसे में इनका पदभार संभालना मुश्किल हो गया तो अततः प्रदेश सरकार ने इनको दूसरे निगम, मंडल में कुर्सी देने का काम किया है। दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष बनाए गए केदार नाथ गुप्ता को जहां अपेक्स बैंक का अध्यक्ष बनाया गया, वहीं वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष बनाया गया। शालिनी राजपूत को समाज कल्याण विभाग के स्थान पर अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड बनाया गया। समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष चंद्रक्रांति वर्मा को उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग बना दिया गया है। इन सबने पदभार भी संभाल लिया है।

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। संभावना जताई जा रही है। इसी माह कभी भी निगम, मंडल और आयोग में नियुक्तियां की जा सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### पारंपरिक वैद्यराजों को प्रशिक्षण देगा पतंजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में आचार्य बालकृष्ण से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पारंपरिक ज्ञान, औषधीय पौधों, अनुसंधान एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में किए जा रहे राष्ट्रहितकारी कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। श्री मरकाम ने भेंट के दौरान छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वैद्य परंपरा, औषधीय पौधों तथा स्वदेशी उपचार पद्धतियों के संरक्षण एवं संवर्धन की सोच को साझा किया। आचार्य बालकृष्ण ने इस गहन दृष्टिकोण की मुक्तकंठ से सराहना की और छत्तीसगढ़ में इन कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। आचार्य ने विशेष रूप से जनजातीय समुदायों के पारंपरिक वैद्यराजों को प्रशिक्षण देने, दुर्लभ औषधीय वनस्पतियों का वैज्ञानिक डॉक्यूमेंटेशन करने तथा पारंपरिक उपचार विधियों को शोध आधारित स्वरूप देने की इच्छा प्रकट की। उन्होंने इसे भारत की प्राचीन चिकित्सा धरोहर को पुनर्जीवित करने का अवसर बताया।

### चैतन्य और लखमा से देवेंद्र ने जेल में की मुलाकात



रायपुर। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने गुरुवार को चैतन्य बघेल और कवासी लखमा से जेल में मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि जेल में चैतन्य बघेल और कवासी लखमा को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन नए-नए तरीके से उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। कवासी लखमा की आंखों में सूजन और पानी की समस्या है, लेकिन उन्हें इलाज नहीं दिया जा रहा है।

### सवन्नी को क्लीन चिट तीन प्रतिशत कमीशन मांगने की थी शिकायत



रायपुर। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी को क्लीनचिट मिल गई है। ऊर्जा सचिव रोहित यादव ने इस संबंध में बताया कि मामले की शिकायत की जांच की गई, लेकिन जांच में कोई तथ्य, प्रमाण न मिलने के कारण शिकायत को नस्तीबद्ध कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि क्रेडा के कुछ वेंडरों ने लिखित शिकायत की थी कि क्रेडा अध्यक्ष द्वारा वेडरों को पूर्व में किए जा चुके भुगतान के एवज में तीन प्रतिशत कमीशन की मांग की जा रही है। यह मामला सामने आने के बाद सत्ता के गलियारों से लेकर भाजपा की सियासत में हलचल मची थी। कमीशन की शिकायत की जांच के लिए ऊर्जा विभाग को निर्देश दिए गए। बताया गया है कि जांच में शिकायत संबंधी कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। लिहाजा श्री सवन्नी को क्लीनचिट दे दे गई है।

**एमआईसी ने 38 मुख्य प्रस्ताव और 4 अतिरिक्त प्रस्ताव को दी मंजूरी**

# 20 करोड़ में महादेव कॉरिडोर, पचपेड़ी नाका से सीएसईबी चौक तक चौड़ी सड़क, पुराने निगम कार्यालय की जमीन पर व्यावसायिक परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उज्जैन के महाकॉल की तर्ज पर राजधानी के रायपुरा स्थित महादेवघाट का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण कर 20 करोड़ की लागत से वहां भव्य महादेव कारीडोर बनाया जायेगा। इसमें आकर्षक प्रवेश द्वार, लैंड स्कैपिंग, यज्ञशाला, शैडयुक्त गलियारा और लोगों के चलने के लिए पाथवे बनाया जाएगा। इसके साथ वहां के वेंडरों को सुव्यवस्थित कर वेंडिंग शॉप की स्थापना की जायेगी, ताकि घाट क्षेत्र में अनियंत्रित व्यवसाय पर रोक लगायी जा सके। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए सौर ऊर्जा से संचालित लाइट पोल, एलईडी बोलार्ड और डेकोरेटिव लाइट्स लगाये जायेंगे, जिससे घाट क्षेत्र दिन व रात दोनों समय सुरक्षित और सुंदर बना रहे। लोककर्म विभाग के इस प्रस्ताव को एमआईसी ने गुरुवार को मंजूरी दी है। इसी तरह पचपेड़ी नाका से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक वाली सड़क चौड़ीकरण कर गौरव पथ 2 की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। मालवीय रोड स्थित पुराने निगम कार्यालय की जमीन का उपयोग अब रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर व्यावसायिक परिसर कम पार्किंग निर्माण के लिए किया जाएगा। इससे आने वाले दिनों में नगर निगम को इससे अतिरिक्त राजस्व की प्राप्त होगी।

- तेलीबांधा चौक पास बनेगा टेक्निकल टॉवर, गंज मंडी के लिए रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल का प्रस्ताव

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई, जिसमें जनहित से जुड़े 42 एजेंडों पर सदस्यों से चर्चा के बाद मंजूरी दी गई। एमआईसी कक्ष में दोपहर 12 शुरू हुई एमआईसी की बैठक शाम 4 बजे तक चली। इस मैराथन बैठक में मध्य वर्गीय परिवार की महिलाओं के कल्याण के लिए नरैया तालाब के पास महिला शांति गृह निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। 5 करोड़ के इस प्रस्ताव में घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना अथवा अन्य तरह की समस्या में तत्काल सहायता के लिए महिला शांति गृह मददगार साबित होगा। इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को अस्थायी आश्रय देना, परामर्श सेवाएं प्रदान करना है। करीब 5 करोड़ की लागत से इस परियोजना पर काम होगा। साथ ही महिला शांति गृह के संचालन व संधारण के लिए 4 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है, इसके लिए टेंडर आमंत्रित करने एमआईसी ने मंजूरी प्रदान की है।



**ये रहे शामिल :** एमआईसी बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, गायत्री चंद्राकर, सरिता दुबे, संतोष साहू, अवतार बागल, भोलाराम साहू, सुमन पांडेय, डॉ. अनामिका सिंह, महेन्द्र खोडियार, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, खेमकुमार सेन, संजना हियाल सहित अपर आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, उपायुक्त,जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, विभागों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### पचपेड़ी नाका से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक तक गौरवपथ 2

सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत राजधानी के पचपेड़ीनाका चौक से बूढ़ापारा के बिजली आफिस चौक तक ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने गौरवपथ 2.0 विकसित किया जाएगा। इस प्रस्ताव को एमआईसी ने मंजूरी दी है। 2 किलोमीटर दायरे की यह सड़क रायपुर शहर के मुख्य शहरी क्षेत्र को जोड़ती है, वहां अनाधिकृत वेंडिंग क्षेत्र, अव्यवस्थित ट्रैफिक सिस्टम और शौचालय की कमी, पार्किंग की समस्या इस सड़क की प्रमुख चुनौतियां हैं। इसके लिए 15 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है, जिसके तहत मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण होगा, पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनेगा। पब्लिक टायलेट निर्माण, स्ट्रीट लाइट, रोड एवं स्ट्रीट साइनेज का कार्य किया जाएगा।

### 18 चौराहों का विकास कार्य

नगर उत्थान योजना के तहत सिटी डेवलपमेंट प्लान के लिए कार्य करने 18 जंक्शन पर कार्य किया जाएगा। इस कार्य में 10 करोड़ खर्च होंगे। इन चौराहों में आनंद नगर चौक, अनुपम नगर चौक, भगत सिंह चौक, टाटीबंध स्थित भारतमाता चौक, जयस्तंभ चौक, बंजारी बाबा बजार के पास मोतीबाग चौक, भारतमाता चौक शंकर नगर, फाफाडीह चौक, कालीबाड़ी चौक, खम्हारडीह चौक, खजाना चौक, लाखे नगर चौक, लोधीपारा अवंतिबाई चौक, महिला थाना चौक, मेक इन इंडिया चौक स्कवायर, राजीव गांधी चौक सुभाष स्टेडियम चौक, शास्त्री चौक, शारदा चौक शामिल है।

### इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- तेलीबांधा चौक के पास टेक्निकल टावर विकास संबंधी प्रस्ताव
- मोवा गारमेंट फैक्ट्री का संचालन व संधारण निजी एजेंसी के माध्यम से करने संबंधी प्रस्ताव। न्यूनतम 500 महिलाओं को रोजगार देना अनिवार्य। इसके लिए आरएफपी के अनुमोदन संबंधी प्रस्ताव।
- गंज मंडी के लिए रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल संबंधी प्रस्ताव, जिसमें संपूर्ण क्षेत्र का सर्वे कराकर पात्र हितग्राहियों को नवीन पुनर्विकास योजना बनाकर व्यवस्थित किया जाना प्रस्तावित है।
- नवीन मार्केट का रीडेवलपमेंट प्लान, रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर करने प्रस्ताव।
- सभापति और महापौर के लिए नई इनोवा की होगी खरीदी।
- एमआईसी सदस्यों व नेता प्रतिपक्ष को ड्राइवर देने का फैसला।
- मोटर कर्मशाला में 87 वाहन चालक, 2 डिप्लोमाधारी मेकैनिकल इंजीनियर, 2 मेकैनिक, 1 वेल्डर, 2 कंप्यूटर आपरेटर प्लेसमेंट के माध्यम से नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव।
- मालवीय रोड के निगम के पुराने भवन की जमीन पर व्यावसायिक परिसर, पार्किंग बनेगा।
- शहर में लगे पेड़ों की होगी जियो टैगिंग, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों की संविदा नियुक्ति।
- पेंशन के 400 से ज्यादा प्रकरणों को पात्रता के आधार पर मंजूरी।
- टिकरापारा, डिमरापारा, सरोना के नया-पुराना बाजार क्षेत्र को मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत केंद्र की डीएलसी घटक में शामिल करने।
- सभापति सूर्यकांत राठौर के प्रस्ताव पर गणेशोत्सव में स्थल सजावट व विसर्जन झांकियों को नगर निगम की ओर से पुरस्कार दिया जायेगा।

### दलदल सिवनी में 9 करोड़ का बनेगा दिव्यांग पार्क

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी इलाके में 9 करोड़ की लागत से दिव्यांग पार्क बनाया जायेगा। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने दिव्यांग इनक्लूजिव पार्क निर्माण की मंजूरी दी है। यह पार्क अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क स्थल पर बनेगा, जहां दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा चिकित्सकीय सहायता एवं केन्द्रीयकृत स्थल के रूप में मिलेगी। केन्द्रीय समाज कल्याण विभाग द्वारा 9 करोड़ 95 लाख 76 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस प्रस्ताव को एमआईसी ने मंजूरी दे दी है। राजधानी में एक अरसे से दिव्यांगों के लिए उनकी मंशा अनुरूप दिव्यांग पार्क की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए शहरी सरकार ने दलदल सिवनी में दिव्यांग पार्क का प्रस्ताव लाकर इसे स्वीकृति दी है।

### आमानाका बस स्टैंड की भूमि में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

आमानाका बसस्टैंड की भूमि पर बहुउद्देशीय खेल परिसर का निर्माण होगा। बसस्टैंड की 11,518 वर्गफीट जमीन गैर व्यावसायिक प्रयोजन के लिए नगर निगम रायपुर को एक रुपये प्रति वर्गफीट के टोकन दर आवंटन किये जाने के प्रस्ताव पर प्रकरण तैयार कर प्रशासकीय 14 करोड़ 26 लाख की प्रथम चरण में प्राक्कलन की स्वीकृति खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक को प्रस्ताव भेजने का निर्णय महापौर मीनल चौबे की परिषद ने लिया है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीण संपर्क मजबूत करने केंद्र से मिली 195 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दुर्गम और वनवासी अंचलों में ग्रामीण संपर्क और आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत सरकार ने सड़क संपर्क परियोजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए छत्तीसगढ़ को 195 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता राशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ के उन सुदूर अंचलों में विकास का नया प्रकाश लेकर आएगी, जो दशकों से नक्सल हिंसा और भौगोलिक दुर्गमता से जूझते रहे हैं। यह राशि वहां के लोगों के लिए विकास, विश्वास और स्थायी शांति की सशक्त आधारशिला सिद्ध होगी। हमारी सरकार इस निधि का उपयोग पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ करेगी।

### इन जिलों पर खर्च होगी रकम

यह निधि विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, राजनांदगांव, बलरामपुर, कोंडागांव और जशपुर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन ऑल-वेदर सड़कों, मौजूदा मार्गों के सुदृढ़ीकरण, सेतु निर्माण और क्रॉस-ड्रेनेज संरचनाओं के विकास के लिए दी गई है।

**पूरे प्रदेश में धरने के बाद सरकार का पुतला फूंका**

# बिजली बिल हाफ योजना में कटौती के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशभर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस का कहना है कि बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि और हाफ बिजली बिल योजना में कटौती से आम जनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।

गुरुवार को रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में सरकार का पुतला फूंका गया।

बिजली बिल हाफ योजना में कटौती के विरोध में तथा आम जनता को न्याय दिलाने कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में धरना दिया। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के सामने विरोध प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया गया। बिजली बिल की प्रतियां जलाई गयीं।



### बूढ़ापारा बिजली ऑफिस के सामने प्रदर्शन

शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप में यह प्रदर्शन बूढ़ापारा स्थित बिजली ऑफिस के सामने किया। प्रदर्शन में पहुंचे कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने आम जनता की बढ़ती परेशानियों को लेकर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लिए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शहर अध्यक्ष गिरिश दुबे ने कहा, भाजपा सरकार ने जनविरोधी नीति अपनाते हुए कांग्रेस शासन की सबसे बड़ी लोक-हितैषी योजना 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल को बंद कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप आम जनता पर बिजली बिल का बोझ दोगुना होगा। जब तक यह योजना फिर से लागू नहीं होती और बिजली दरों में राहत नहीं मिलती, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

### ये रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन में प्रमोद दुबे, उधोराम वर्मा, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, ऐजाज ढेबर, प्रमोद चौबे, मदन तालेडा, सुर्यमणि मिश्रा, सुरेश ठाकुर ज्ञानेश शर्मा, सुरेश उपाध्याय, श्रीकुमार मेनन, सुंदर जोगी, राधेश्याम विभार, सारिक रईस खान, दिलीप चौहान, दिनेश ठाकुर, सुरेश उपाध्याय, शिव सिंह ठाकुर, अमन गिल, धनंजय ठाकुर, अजय साहू, नवीन चंद्राकर, माधो साहू, प्रशांत ठेंगड़ी, देवकुमार साहू, अरुण जंघेल, अजीत कुकरेजा, जी श्रीनिवास, अविनाश दुबे, प्रवीण चंद्राकर, राहुल तिवारी, बंशी कन्नौजे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने कहा- मुफ्त बिजली का वादा झूठा, ऐसा है तो सोलर पैनल मुफ्त में लगाए सरकार

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सोलर पैनल का सबसे बड़ा निर्माता अडानी समूह है। अडानी समूह द्वारा बनाये जा रहे सोलर पैनल की खपत निर्माण की तुलना में नहीं हो पा रही है। छत्तीसगढ़ में बिजली बिल हॉफ योजना के कारण बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगवाने में रुचि नहीं दिखा रहे थे। सोलर पैनल लगवाने का खर्च भी आम आदमी की क्षमता से अधिक है। डेढ़ से चार लाख रुपये तक लगाने के बाद सोलर पैनल की लाइफ की कोई गारंटी नहीं है।

### कांग्रेस का आंदोलन फ्लॉप : संजय

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने हाफ बिजली बिल योजना को लेकर किए गए कांग्रेस के आंदोलन को फ्लॉप शो बताते हुए कहा, कांग्रेस के इस आंदोलन से जनता तो कोसों दूर रही ही, कांग्रेस के कार्यकर्ता भी इस आंदोलन में कहीं नजर नहीं आए। पूरे प्रदेश में आंदोलन की घोषणा करने वाली कांग्रेस आधे जिलों में भी आंदोलन नहीं कर पाई। श्री श्रीवास्तव ने कहा, जनता, कांग्रेस के राजनीतिक प्रपंचों और झांसेबाजी को भली प्रकार समझ चुकी है कि किस तरह कांग्रेस झूठे नैरेटिव सेट करके प्रदेश को गुमराह करके अशांति और अराजकता का अपना एजेंडा चला रही है।

**भाजपा की तीन दिवसीय तिरंगा रैली 11 से**

# 101 चौराहों पर हर घर तिरंगा अभियान के लिए होगा जनजागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एकात्म परिसर में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, प्रत्येक विधानसभा और मंडलों में स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के संदर्भ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने तय किए गए हैं। जिसमें 13 से 15 अगस्त तक रायपुर शहर के 101 चौराहों पर हर घर तिरंगा अभियान के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत जैन ने कहा, स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर हम



सभी को तिरंगे के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने हैं। जिसमे 11,12 और 13 तारीख को तिरंगा यात्रा निकालनी है जिसका आयोजन मंडल स्तर तक किया जाना तय है। 12 ,13 और 14 अगस्त को मंडलों में स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाना है। 14 अगस्त को विभाजन के काले दिन को विभाजन विभीषिका के रूप में हम मनाते आए हैं इसके लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाना है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा, रामनगर परिक्षेत्र से भारत माता चौक तक विशाल तिरंगे झंडे के साथ स्कूली बच्चों द्वारा पद यात्रा निकाली जाती है जहां भारत माता की आरती और देशभक्ति कार्यक्रम की रंगारंग देशभक्ति संध्या का आयोजन हमारे द्वारा किया जाता है।

कार्यशाला में सुनील सोनी, संजय श्रीवास्तव, सच्चिदानंद उपासने, श्रीचंद्र सुंदरानी, नंद कुमार साहू, जयंती पटेल, सुभाष तिवारी, लोकेश कावड़िया, सूर्यकांत राठौर, अशोक पांडे, सुभाष तिवारी, सत्यम दुआ, गोपी साहू, अकबर अली, आशु चंद्रवंशी, श्याम चक्रवर्ती, शैलेंद्री परघनिया,मनीषा चंद्राकर राजीव पांडे, मोहन एंटी, प्रकाश बजाज आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पीएम सूर्यघर योजना में पंजीयन करने आज से लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 8 अगस्त को पॉवर कंपनी मुख्यालय डगनिया में शिविर लगाया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव करेंगे। प्रदेशभर में ऐसे शिविर लगाएं जाएंगे।

शिविर में रूफटॉफ सोलर पॉवर प्लांट लगाने वाले वेंडर स्टाल लगाएंगे। साथ ही सोलर प्लांट लगाने के लिए त्वरित ऋण सुविधा देने के लिए बैंक के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिसमें पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ



आम उपभोक्ता अपना पंजीयन करा सकेंगे। स्पॉट पर ही सभी औपचारिकताएं पूरी कर आवेदन संबंधी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया, रायपुर जिले में 40, धमतरी जिले में 24, महासमुंद जिले में 109, गरियाबंद जिले में 92 एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 28 शिविर लगाए जाएंगे। रायपुर संभाग में 10, अटल नगर में 10, नवापारा-राजिम में 20, धमतरी में 14 एवं कुरुद में 10 शिविर लगाए जाएंगे। बलौदाबाजार में 10, कसडोल में 10, भाटापारा में 8 शिविर लगाए जाएंगे। महासमुंद में 21, पिथौरा में 42, सरायपाली में 46 एवं गरियाबंद में 92 शिविर लगेंगे।

# डोरी रिश्तों की...

"राखी कर देती है
सारे गिले शिकवे दूर,
इतनी ताकतवर होती है
कच्चे धागे की पावन डोर..."

"ये लम्हा कुछ खास है
बहन के हाथ में भाई का हाथ है
ओ बहना तेरे लिए मेरे पास कुछ खास है
तेरे सकून की खातिर मेरी बहना
तेरा भाई हमेशा तेरे साथ है..."



# रक्षाबंधन

## की हार्दिक शुभकामनाएं...

भारत में रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित होता है. यह त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है, जो हर साल जुलाई या अगस्त में पड़ता है. इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उसके लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना करती हैं. बदले में भाई उन्हें उपहार देता है और जीवनभर रक्षा का वचन निभाने का संकल्प लेता है।

रक्षाबंधन का महत्व केवल भाई-बहन तक सीमित नहीं है. यह पर्व उस हर रिश्ते और भावना का प्रतीक बन गया है जिसमें सुरक्षा, प्रेम, विश्वास और अपनापन शामिल हो. यही वजह है कि यह पर्व सामाजिक और आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टिकोण से बेहद खास माना जाता है।

रक्षाबंधन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक जीवनमूल्य है—जो प्रेम, त्याग, और भरोसे को दर्शाता है. यह पर्व हमें सिखाता है कि रिश्तों को सहेजना, निभाना और समय पर साथ देना सबसे बड़ी सामाजिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी है. रक्षाबंधन सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि एक ऐसा बंधन है जो दिलों को जोड़ता है और भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवंत करता है।

### राखी के इस भावनात्मक त्योहार को और खास कैसे बनाएं ?

- राखी बांधने से पहले भाई की आरती उतारें, फिर तिलक लगाएं और राखी बांधते समय मन में भाई की लंबी उम्र और खुशियों की कामना करें।
- राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाना न भूलें ये मिठास दिलों में भी घुलती है।
- भाई भी बहन को सिर्फ उपहार न दें, अपने प्यार और वचन भी दें कि वो हमेशा उसकी रक्षा करेगा।
- अगर घर में पूजा का स्थान या मंदिर पूर्व दिशा में है, तो वहीं राखी बांधें। वहां की शुद्ध और शांत ऊर्जा से ये पल और भी पावन बन जाएगा।





























# 12वीं के आधार पर बीए-बीएससी, बीएड में दाखिले, व्यापम ने किया था प्रवेश परीक्षा से इंकार

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में संचालित बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले 12वीं कक्षा के आधार पर होंगे। इस संदर्भ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। यह आदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रवेश लेने से इनकार किए जाने के बाद जारी किया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मेरिट लिस्ट केवल एक बार ही जारी होगी। अर्थात कई चरणों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के स्थान पर महाविद्यालयों को एक ही चरण में दाखिले देने होंगे। दाखिले की प्रक्रिया एससीईआरटी के स्थान पर महाविद्यालय ही पूर्ण करेंगे। छात्रों को 12वीं के अंकों के आधार पर प्रवेश देने के बाद उनकी सूची राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को सौंपनी होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में सिर्फ चार ही महाविद्यालय ऐसे हैं, जहां इन पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। वहीं दूसरी ओर, अगले शैक्षणिक सत्र से शिक्षा पाठ्यक्रमों को भी उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत लाने की तैयारी चल रही है।

### प्रदेश में मात्र 250 सीटें

छत्तीसगढ़ में बीए-बीएड की 100 तथा बीएससी बीएड की मात्र 150 सीटें हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद मिलता है। इसके उलट बीएड में प्रवेश के लिए स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की गई थी। इन प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। हालांकि एससीईआरटी बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल अब तक जारी नहीं कर सका है।




- स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश, केवल एक बार जारी होगी मेरिट लिस्ट
- तय समय पर प्रस्ताव नहीं भेज सका था एससीईआरटी

### *इसलिए किया था व्यापम ने मना*

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रमों का नाम परिवर्तन किया जाना है। इन्हें अब इंटीग्रेटेड टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम कहा जाएगा। ये पाठ्यक्रम फिलहाल राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत है। एससीईआरटी द्वारा इन पाठ्यक्रमों के नाम परिवर्तन पश्चात प्रवेश परीक्षा के लिए व्यापम को खत भेजे जाने की योजना था। एससीईआरटी तय समय सीमा तक नाम ही नहीं बदल सका। अंत में पुराने नाम से ही कोर्स संचालन का निर्णय लिया गया। इसके बाद व्यापम को प्रवेश परीक्षा आयोजित करने प्रस्ताव भेजा गया। चूंकि इसमें अत्यंत विलंब हो चुका था तथा व्यापम द्वारा अन्य प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी थी, इसलिए व्यापम ने प्रवेश परीक्षा लेने से इनकार कर दिया।*

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय भोजली महोत्सव और विश्व आदिवासी दिवस समारोह कल

**रायपुर।** गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ जिला इकाई द्वारा 9 अगस्त को राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में भव्य राष्ट्रीय भोजली महोत्सव और विश्व आदिवासी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर 9 राज्यों से समाज प्रमुख राजधानी में जुटेंगे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकार इस मौके पर रंगारंग लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के प्रांताध्यक्ष चंद्रभान नेताम, कोषाध्यक्ष गौकरण कुंजाम, महासचिव प्रीतम छेदइया ने गुरूवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रावण माह के पूर्णिमा के दिन उत्साह व उमंग के साथ राष्ट्रीय भोजली महोत्सव मनाया जाएगा। इस आयोजन में गोंडवाना गुरूदेव दुर्गे भगत जगत सिदार और गुरुमाता दुर्गे दुलेश्वरी सिदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### 21 पंचायत सचिवों ने प्राथमिक उपचार-सीपीआर का लिया प्रशिक्षण



**रायपुर।** रायपुर जिले में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने एवं जीवन रक्षक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को 21 पंचायत सचिवों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का विशेष प्रशिक्षण दिया। कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग रायपुर में यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जिला शाखा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत आरंग के 21 पंचायत सचिवों ने भाग लिया, जिन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी के सहायक प्रबंधक देवप्रकाश कुर्रे ने सीपीआर की तकनीक, प्राथमिक उपचार के सिद्धांत और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की विधियों का अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षण दिया।

### व्यक्तित्व विकास पर निशुल्क सेमिनार कल

**रायपुर।** यंग मेमन एसोसिएशन और अशरफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंग्लिश स्पीकिंग की ओर से शनिवार 9 अगस्त को मेमन जमात के सभी बच्चों तथा बड़ों के लिए फ्री डेमो क्लास का मुस्लिम हॉल बैजनाथपारा में आयोजन होने जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष मो. जावेद ईसाणी एवं मीडिया प्रभारी मो. आरिफ वल्याणी की तरफ से जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में बच्चों को पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, कॅरियर ओरिएंटेशन के साथ ही इंग्लिश स्पीकिंग सिखाई जाएगी।

## पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर मास्टर माइंड सहित चार पकड़े गए

# मोबाइल चोरी कर यूपीआई क्रेक कर रकम चोरी करने वाले साहेबगंज पार्ट-2 के चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोगों के मोबाइल चोरी कर लोगों का यूपीआई क्रैक कर रकम चोरी करने के आरोप में क्राइम ब्रांच पुलिस ने मास्टर माइंड सहित चार लोगों को झारखंड तथा पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने अब तक रायपुर से 80 मोबाइल चोरी कर ज्यादातर मोबाइल के यूपीआई क्रैक कर लाखों रुपए उड़ाए हैं।

मोबाइल चोरी कर यूपीआई क्रैक कर पैसा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने झारखंड, साहेबगंज निवासी देवा उर्फ देव कुमार महतो, कन्हैया कुमार मंडल, विष्णु कुमार मंडल तथा पश्चिम बंगाल, कोलकाता निवासी ओम प्रकाश ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश भीड़ वाले इलाकों के साथ सब्जी बाजार में घूम-घूम कर मोबाइल चोरी करने का काम करते थे। बदमाशों ने तेलीबांधा, गुढ़ियारी तथा अन्य थाना क्षेत्रों से अब तक 80 से ज्यादा मोबाइल चोरी करने का अपराध कबूल किया है। मोबाइल चोरी तथा यूपीआई क्रैक करने वाले गिरोह का सरगना देव कुमार है।

### राजधानी में 10 लोगों का गैंग सक्रिय था

मोबाइल चोरी करने के बाद यूपीआई क्रैक कर रकम चोरी करने वाले गिरोह के दस बदमाश रायपुर में सक्रिय थे। राजधानी में सक्रिय बदमाश अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो-दो, तीन-तीन का ग्रुप बनाकर मोबाइल चोरी करने का काम करते थे। मोबाइल चोरी करने के बाद बदमाश मोबाइल को विष्णु के सुपुर्द कर देते थे। राजधानी में सक्रिय गैंग ने अप्रैल, मई तथा जून में मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया था।



### *कांवड़िया के भेष में गिरफ्तार करने पहुंची थी पुलिस*

*पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले जिस गिरोह को पकड़ा है, उस गिरोह को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम ने कांवड़ियों के भेष में साहेबगंज पहुंच कर कैंप किया था। आरोपियों के लोकेशन पूरी तरह से ट्रेस होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।*

### चोरों का इन राज्यों में मिला मूवमेंट

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए चोरों का मूवमेंट बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडू, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में मिला है। मूवमेंट के आधार पर पुलिस संबंधित राज्यों की पुलिस को चोरों के बारे में जानकारी भेजेगी। गिरफ्तार देवा तथा कन्हैया कुमार पूर्व में चोरी तथा आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुके हैं।

### पुलिस ट्रेस नहीं कर पाए इसलिए मोबाइल नेपाल में खपाते थे

चोरी के आरोप में पुलिस ने जिस चोर गिरोह के बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उस गिरोह का मास्टर माइंड यूपीआई क्रेक कर अकाउंट खाली करने के बाद पुलिस उन्हें ट्रेस नहीं कर पाए, इसलिए चोरी के मोबाइल को नेपाल ले जाकर बेच देता था। हालांकि पूछताछ में आरोपियों ने चोरी के मोबाइल को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्रियों को बेचे जाने की जानकारी पुलिस को दी है।

### 50 से ज्यादा क्यूआर कोड मिले

आरोपियों के कब्जे से जब्त मोबाइल की पुलिस ने जांच की, तो मोबाइल में 50 से ज्यादा क्यूआर कोड मिले। इनमें करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार चोर गिरोह के सरगना देव कुमार तय करता था कि किस राज्य में कब चोरी करने के लिए जाना है। पुलिस के अनुसार यूपीआई क्रैक कर रकम दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर करने के बाद देव कुमार अपने गिरोह के दूसरे साथियों को रकम निकालने पश्चिम बंगाल भेजता था। एटीएम से रुपए आहरण करने के बाद तीसरा गिरोह रकम पहुंचाने झारखंड जाता था।

### सिम को दूसरे मोबाइल में डालकर निकालते थे पैसा

पुलिस के अनुसार मोबाइल चोरी करने के बाद चोर चोरी के मोबाइल का सिम निकालकर दूसरे मोबाइल में डालकर यूपीआई को नए सिरे से डाउनलोड कर रकम आहरण करते थे। इसके बाद सिम को तोड़ देते थे। सिम को तत्काल दूसरे अकाउंट में डालने की वजह पीड़ित द्वारा तत्काल अपने सिम को ब्लाक नहीं कराए। इसीलिए सिम को तत्काल दूसरे मोबाइल में डालते थे।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग पर अड़े अभ्यर्थी, पुलिस संग झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



समग्र शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच सार्वजनिक किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सहित छात्र संगठन अड़ गए हैं। जुलाई में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर में व्यावसायिक शिक्षकों की भर्ती एजेंसी के माध्यम से की गई थी। बाद में कई अभ्यर्थियों द्वारा आरोप लगाए गए कि उनसे पैसे लेने के बाद भी उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई है। इससे संबंधित कई तरह के दस्तावेज वायरल हुए थे। धरना-प्रदर्शन के बाद पूरे मामले में जांच बैठाई गई थी। कमेटी को जुलाई अंत तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। अब तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं किए जाने के कारण एनएसयूआई ने गुरुवार को पुनः धरना दिया। बैरन बाजार स्थित कार्यालय में हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के मध्य झूमाझटकी भी हुई।

- समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षक भर्ती का मामला

### *नहीं मिली छूट*

*एनएसयूआई ने विभागीय कार्यालय का घेराव कर जांच सीबीआई से कराने की मांग की। प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय के कहा, घोटाला एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसमें 40,000 से अधिक युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। अज्ञात कॉलेजों में एक ही दिन में परीक्षा कराई गई, न मेरिट सूची बनी, न अंक विवरण दिया गया और सिर्फ 10 रुपए के स्टाम्प पेपर पर जबरन एग्रीमेंट करवा लिया गया। चयन प्रक्रिया पूरी तरह अपारदर्शी रही, जिसमें एजेंटों के जरिए 3–4 लाख लेकर नियुक्तियां हुईं। कोविड काल में सेवा देने वाले नर्सिंग, आईटी और हेल्थ ट्रेड के कर्मियों को न सरकार की 10% छूट मिली, न वरीयता। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, हेमंत पाल, संकल्प मिश्रा, प्रशांत गोस्वामी, रजत ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे।*

## कैट की बैठक में तीन जिलों के अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के सिविल लाइन स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आगामी दो वर्षो के लिए 3 जिलों के अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत किये गये। कैट तिल्दा, धमतरी और एमसीबी इकाई का गठन इस मौके पर किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि राज्य की विभिन्न जिला इकाइयों के गठन के लिए राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी को अधिकृत किया गया है। उनके मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में कैट की तिल्दा, धमतरी एवं एमसीबी इकाइयों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें तीनों जिलों के अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए। श्री पारवानी ने बताया कि कैट तिल्दा इकाई के प्रभारी वासु माखीजा द्वारा कन्हैया हरिरमानी का नाम तिल्दा इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया गया। कैट धमतरी इकाई प्रभारी राम मंधान ने महेश जसूजा का नाम धमतरी इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया। कैट कोरिया इकाई प्रभारी विक्रम सिंह देव ने रघुनाथ पोद्दार का नाम कोरिया इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्तावित नामों का सर्वसम्मति से समर्थन किया। इस मौके परअमर पारवानी ने कहा कि तीनों जिला इकाइयाँ स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करेंगी तथा व्यापारी समाज को सशक्त बनाने जोर दिया जायेगा। यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली, प्रवीण खण्डेलवाल की अनुशंसा पर हुआ।

## तीसरे दिन प्राध्यापकों से सवाल-जवाब माहांत तक मिलेगी नई ग्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रविवि : नैक का तीन दिवसीय दौरा पूर्ण

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को नई ग्रेडिंग प्रदान करने दौरे पर आई नैक टीम का निरीक्षण कार्य पूर्ण हो गया है। रविवि को अगस्त माह के अंत तक नई ग्रेडिंग मिल जाएगी। फिलहाल विवि के पास बी प्लस ग्रेड है, जिसे ए ग्रेड में बदलने पिछले 6 माह से कोशिश की जा रही थी। तीसरे और अंतिम दिन टीम ने विवि अध्ययनशाला के प्राध्यापकों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। फॉर्मेसी विभाग के हॉल में यह चर्चा रखी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस दौरान प्राध्यापकों से उनके रिसर्च कार्यों के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उसके क्रियान्वयन को लेकर किए कार्यों के संदर्भ में जानकारी ली गई। एक दिन पूर्व छात्रों से नैक टीम ने चर्चा की थी। इस दौरान छात्रों से प्रोफेसर्स की कमी का पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में सवाल पूछे गए थे। गौरतलब है कि प्रोफेसर्स की कमी को लेकर पिछले बार दौरे पर आई नैक टीम ने भी नाराजगी जाहिर की थी। तीन दिवसीय निरीक्षण के दौरान नैक की पांच सदस्यीय टीम में से 2 ने भौतिक निरीक्षण किया जबकि तीन सदस्य ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे।

### कैंटीन, छात्रावास सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण

2023 में नैक टीम ने निरीक्षण के दौरान कैंपस में कैंटीन नहीं होने को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। इसके अतिरिक्त छात्रावास में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े किए थे। प्राध्यापकों की कमी के अलावा प्लेसमेंट और छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं में कमी के कारण भी अंक कटे थे। इस बार रविवि ने इन चीजों का विशेष रूप से ध्यान रखा था। तीन दिवसीय दौरे के दौरान कैंटीन, छात्रावास सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। रविवि द्वारा गोद लिए ग्राम गोमची का भी निरीक्षण नैक टीम ने किया। उनसे भी सदस्यों ने चर्चा की। रविवि प्रबंधन ने विवि की ग्रेडिंग में सुधार होने की उम्मीद जताई है। विवि द्वारा सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी नैक ग्रेडिंग तक निरस्त कर दी गई थी। अब कर्मचारी शासकीय अवकाश पर जा सकेंगे।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मितानिन सड़क पर, तूता में किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर रायपुर संभाग की मितानिनों ने गुरुवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर जमकर प्रदर्शन किया। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को-आर्डिनेटर काम बंद-कलम हड़ताल कर सड़क पर उतरे और अपने हक की आवाज बुलंद की।

गुरुवार को तूता धरना स्थल पर संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन में रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद जिले से मितानिनें प्रदर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचीं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन सहित 3 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित करने नारेबाजी की। प्रदर्शन में रायपुर संभाग के 5 जिलों से मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर, ब्लाक को आर्डिनेटर शामिल हुए। इस धरना स्थल पर खासी चहल-पहल देखने को मिली। छत्तीसगढ़ मितानिन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर, सचिव नंदकिशोर वासनिक ने कहा है कि 7 से 11 अगस्त तक संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन में प्रदेश की 72 हजार मितानिनें प्रतिदिन अलग-अलग संभागवार प्रदर्शन में शामिल होंगी। धरनास्थल पर 8 अगस्त को दुर्ग संभाग की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर भाग लेंगी। इसी तरह 9 अगस्त को बिलासपुर संभाग और 10 अगस्त को सरगुजा संभाग के बाद 11 अगस्त को बस्तर संभाग की मितानिनें तूता धरना स्थल पर संभाग स्तरीय प्रदर्शन में शामिल होंगी।

### प्रमुख मांगें इस तरह

- मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन के वादे को पूरा किया जाए।
- वेतन क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी की बढ़ोतरी कर शासन वादा पूरा करे।
- ठेका प्रथा बंद किया जाए, एनजीओ के अंतर्गत कार्य नहीं करेंगे।

- रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद जिले की मितानिनें पहुंचीं धरनास्थल
- मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर, ब्लाक को-आर्डिनेटर ने किया प्रदर्शन

## बिजनेस साइट

### 'ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025' का भव्य शुभारंभ, उत्पादों पर 20% की छूट



**रायपुर।** राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आयोजित 'ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025' का शुभारंभ गुरुवार को बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर में किया गया। यह प्रदर्शनी 31 अगस्त तक चलेगी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए उत्कृष्ट कारीगरों, बुनकरों और शिल्पियों के उत्पाद प्रदर्शित और विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रदर्शनी में कोसा और कॉटन की साड़ियां, बेडशीट, ड्रेस मटेरियल, कॉटन बैग, कोसा शॉल, जैकेट, बेलमेटल, बांस, लौह, काष्ठ और माटी शिल्प से बने विविध हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

इन पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों पर उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जो प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण है। इस आयोजन को रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी, नवाखाई, तीज और गणेश चतुर्थी जैसे आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है, ताकि लोग इन पारंपरिक और स्वदेशी उत्पादों को खरीदकर त्योहारी सीजन को और भी खास बना सकें।

### महादेवा कार्स के शोरूम में ऑल-न्यू रेनॉल्ट ट्राइबर का अनावरण



**रायपुर।** रेनॉल्ट इंडिया के अधिकृत डीलर महादेवा कार्स प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा उनके शोरूम में ऑल-न्यू रेनॉल्ट ट्राइबर का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवतंश रहे, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया। इस अवसर पर महादेवा कार्स के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित मध्यानी, जनरल मैनेजर अमित सार और सेल्स मैनेजर रविंदर सिंह भी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से नई रेनॉल्ट ट्राइबर का अनावरण किया। नई रेनॉल्ट ट्राइबर को इसके आकर्षक लुक, उन्नत फीचर्स और सेगमेंट में सबसे बड़े केबिन स्पेस के लिए सराहा जा रहा है। यह मॉडल खासतौर पर भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है और कॉम्पैक्ट एमवीपी श्रेणी में नए मापदंड स्थापित करने की क्षमता रखता है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक ने किया रायपुर अंचल का दौरा




**रायपुर।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय विनायक मुदालियर ने बैंक के रायपुर अंचल का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने बैंक की शाखाओं की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन करते हुए ग्राहक सेवा, व्यवसायिक विकास और बैंकिंग नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान अंचल कार्यालय में आयोजित ग्राहक बैठक में भी मुदालियर ने भाग लिया, जहां उन्होंने ग्राहकों के सुझाव और समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए तत्परता जताई। बैठक में रायपुर अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह, उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) भरतकुमार चावड़ा सहित अंचल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 08 अगस्त 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




रेशम की डोरियां...

## कैंपस इवेंट

### इंडियन नेवी में सिविलियन ट्रेड्समैन के पदों पर निकली भर्ती, नोटिफिकेशन जारी

**रायपुर।** इंडियन नेवी की ओर से सिविलियन ट्रेड्समैन (ग्रुप-सी) के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इंडियन नेवी की ओर से सिविलियन ट्रेड्समैन के कुल 1266 पदों पर भर्ती की जाएगी। अगर आप भी इंडियन नेवी में सिविलियन ट्रेड्समैन के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं तो यह आपके लिए एक सुनहरा मौका है। यह भर्ती रोजगार समाचार में 9 से 15 के साप्ताहिक समाचारपत्र में प्रकाशित किया गया है। रोजगार समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के तहत आवेदन पांचवे दिन से शुरू हो जाएंगे।

साथ ही इन पदों पर आवेदन करने के लिए आवेदन शुरू होने से 21 दिन तक स्वीकार किए जाएंगे। बात दें कि उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से जनरल इंटेलिजेंस और रीजनिंग, सामान्य जागरूकता, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और अंग्रेजी विषय से 100 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है।



#### शैक्षणिक योग्यता

इन पदों पर आवेदन करने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवार ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से कक्षा दसवीं के साथ ट्रेड में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग को पूरा किया हो। साथ ही उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित पात्रताएं भी होनी चाहिए। इस पद पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 19,900 रुपये से लेकर रुपये 63,200 प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। सिविलियन ट्रेड्समैन (ग्रुप-सी) के पद पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 25 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। एससी व एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में 5 वर्ष की छूट, ओबीसी उम्मीदवारों को आयुसीमा में 3 वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को आयु-सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

## लाइव इवेंट

### मेधावी संगीत प्रशिक्षुओं ने छेड़ी गजलों की तान

**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय में वार्षिक राज्यस्तरीय कमला देवी स्मृति सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दीपक बेडेकर ने कमला देवी के प्रेरणादायी जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। यह आयोजन कमला देवी संगीत महाविद्यालय में आयोजित किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कमला देवी स्मृति सुगम संगीत प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों खैरागढ़, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, धमतरी आदि से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष की प्रतियोगिता गजलों पर आधारित रही। प्रारंभिक चयन के बाद अंतिम चरण में 20 प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुति का अवसर मिला। निर्णायक मंडल में सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ विवेक टॉक और शंकर दर्रो शामिल रहे। कमला देवी स्मृति सुगम संगीत प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। डॉ. दीपक बेडेकर ने बताया कि वार्षिक राज्य स्तरीय कमला देवी स्मृति सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन हर साल अलग अलग संगीत विधा पर आयोजित किया जाता रहा है। इस बार थीम गजल गीत-संगीत रखी गई। इसमें राज्यभर के प्रतिभावान संगीत के छात्र-छात्राएं व कलाकारों ने भाग लिया।



#### विजेताओं को नकद पुरस्कार से किया सम्मानित

वार्षिक राज्यस्तरीय कमला देवी स्मृति सुगम संगीत प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें प्रथम पुरस्कार नकद 5000 रुपए निखिल सोनी, कमला देवी संगीत महाविद्यालय रायपुर, द्वितीय पुरस्कार नकद 3000 रुपए चैतन्य जोगलेकर, तृतीय पुरस्कार नकद 2000 रुपए उत्कर्ष दुबे, कंसोलेशन पुरस्कार नकद 1000 प्रत्येक प्रतिभागियों में रेणुका साहू एवं नंदिनी साहू को दिया गया।

## महिलाओं ने ग्रीन थीम पर मनाया सावन महोत्सव



**रायपुर।** संजय नगर बेटी बचाओ मंच द्वारा टिकरापारा गार्डन में सावन महोत्सव मनाया गया। महिलाओं में इस दौरान भरपूर उत्साह नजर आया। कार्यक्रम ग्रीन थीम पर रखा गया, जहां सभी ने पारंपरिक रूप से सोलह श्रृंगार किया। महिलाओं ने सावन महोत्सव को मस्ती, संगीत और मंनोरंजन के साथ मनाया। उन्होंने मनोरंजन के लिए सावन के गीत गाए और पारंपरिक परिधानों में नृत्य करते हुए खूब एंजॉय किया। कार्यक्रम में कई खेलों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मस्तानी क्वीन, रैंप वॉक, हाऊजी और सावन क्वीन प्रतियोगिता में भाग लिया और ढेरों इनाम जीते। सावन श्रृंगार में स्वरा मिश्रा और प्रथम टिया ठाकुर व द्वितीय डागेश्वरी साहू सावन क्वीन की विजेता रहीं। अनीता चंद्राकर दौड़ में प्रथम एवं सावन पर प्रश्नोत्तरी की विजेता उर्मिला साहू, हंसा साहू, श्रद्धा पवार, रेवती साहू, दिपाली सोनवान, सीता निषाद, संतोषी यादव, नम्रता विश्वकर्मा, ऊषा विश्वकर्मा, सोना दास चयनित हुईं।

● सदर बाजार, मालवीय रोड पर सजे राखियों और मिठाई के स्टॉल, दुकानों पर खरीदारों की उमड़ी भीड़

# रक्षाबंधन पर बाजार गुलजार, बहनें खरीद रहीं मोती रुद्राक्ष, चांदी की राखियां, नारियल लड्डू-रसमलाई भी

भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन को लेकर बहनों में खुशी और उत्साह का माहौल है। बहनों का यह उत्साह राखियों के स्टॉल व मिठाईयों की दुकानों पर नजर आ रहा है। इन राखियों स्टॉल्स व दुकानों पर मोती, रुद्राक्ष, चांदी जड़ित राखियां बहनें अपने भाइयों की कलाई पर बांधने खूब खरीदी कर रही हैं। वहीं भाइयों का मुंह मीठा कराने नारियल लड्डू, रसमलाई की डिब्बे मिठाई दुकानों से ले रही हैं। इसके लिए गुरुवार को सदर बाजार, सराफा दुकानों से लेकर मालवीय रोड, गोलबाजार, संतोषीनगर मेन रोड, भाठागांव मेनरोड, रायपुरा चौक महादेवघाट मेनरोड पर राखियों व मिठाई के सजे स्टॉल व दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली।





**रायपुर।** रक्षाबंधन से दो दिन पहले बहनों की त्योहारी खरीदारी से शहर की बाजार गुलजार हो उठे हैं। राखियों व मिठाई के कारोबारी रक्षाबंधन पर अच्छे बिक्री की उम्मीद लगा रहे हैं। मालवीय रोड स्थित राखी स्टॉल संचालक विवेक जैन ने बताया कि इस बार बाजार में रक्षाबंधन को लेकर अच्छी रौनक देखने को मिल रही है। राखियों की स्टॉल पर इस बार आधुनिक और पारंपरिक राखियों का कॉबिनेशन खा स है। फैंसी, इको फ्रेंडली और ज्वेलरी राखियों का कलेक्शन बहनों के लिए उपलब्ध कराया गया है, जो उन्हें काफी पसंद आ रहा है। राखियों की एक से बढ़कर एक रेंज हर बजट में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। इसमें बड़ों व बच्चों के पसंद की थीम पर डिजाइन अनेक आकर्षक राखियां शामिल हैं। इस तरह रक्षाबंधन की मार्केटिंग में महिलाएं व युवतियां देर शाम तक व्यस्त नजर आईं।

### बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर फ्रोजन और लाइटिंग वाली राखियां

इस बार की राखियों में विशेष रूप से इको-फ्रेंडली, चांदी जड़ित के अलावा डिजिटल राखी तथा पर्सनलाइज्ड फोटो राखियों की मांग अधिक देखी जा रही है। गोलबाजार स्थित राखी स्टॉल के संचालक रमेश वर्मा के अनुसार, बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां जैसे छोटा भीम, स्पाइडरमैन, फ्रोजन और लाइटिंग वाली राखियों की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। वहीं बड़ों के लिए रेशम, मोती, रुद्राक्ष, जय श्रीराम, स्टोन डिजाइन और डिजिटल कोड वाली राखियां, जिनसे ऑडियो या वीडियो संदेश जुड़ा हो, युवाओं में खासा आकर्षण का केंद्र बन रही हैं।



### 5 रुपए से लेकर 500 तक कीमत

संतोषीनगर मेनरोड स्थित राखी स्टॉल विक्रेता अजय शर्मा ने बताया कि बाजार में 5 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की राखियां उपलब्ध हैं। भाइयों के कलाई पर बांधी जाने वाली रेशम की डोरी, चंदन, तुलसी की लकड़ियों से बनी काष्ठ आर्ट डिजाइनर राखियां, फैंसी राखियों में स्टोन-मोती जड़ित राखियां और लोकल आर्टिसन द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों में इको फ्रेंडली में अनाज, फलों की बीजों, फूल व पत्तियों से डिजाइन की गई विविध प्रकार की राखियां इसी बजट पर उपलब्ध हैं।

### शिवोम विद्यापीठ में पेश की भावनात्मक मिसाल

शिवोम विद्यापीठ सांकरा में रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष भी भावनात्मक संदेश के साथ मनाया गया। छात्रों ने परंपरागत भाई-बहन के रिश्ते से आगे बढ़कर सामाजिक एवं प्राकृतिक सुरक्षा के प्रतीकों को राखी बांधते हुए एक नई मिसाल पेश की। छात्राओं ने अम्लेश्वर थाने एवं तीसरी बटालियन के जवानों को राखी बांधकर जनसेवा, सुरक्षा एवं समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की भावना के तहत बच्चों ने वृक्षों को राखी बांधी। इस अवसर पर प्राचार्या जया बंदेलू ने बच्चों को इस पर्व के सामाजिक और नैतिक महत्व के बारे में बताया और उनके उत्साह को सराहा। असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली ने इस अनोखी पहल को सराहनीय प्रयास बताया।



### सिपाही भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत महिला विंग द्वारा रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कर दी गई है। महिला विंग की बहनों ने सिविल लाइंस थाने के सिपाही भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का वचन लिया। इस तरह भाई-बहनों की रिश्ते के पवित्र त्योहार की शुरुआत पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर की गई। छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत महिला विंग संस्था की अध्यक्ष भावना कुकरेजा ने बताया कि शहर की बहनों की रक्षा के लिए तत्पर रहने वाले पुलिस जवानों को रक्षासूत्र बांध कर उनका मुंह मीठा कराया गया। सिपाही भाइयों से शहर की सभी बहनों की रक्षा करने का वचन लिया गया। साथ ही उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ईश्वर से कामना की गई। इसके लिए संस्था की सभी महिला सदस्य सिविल लाइंस थाने पहुंचीं, जहां उन्होंने एएसपी सिटी लखन पटले, एडिशनल एसपी पीआर पटेल, टीआई दीपक पासवान को राखी बांधी और महिलाओं की रक्षा का वचन लिया। साथ ही



उन्हें भगवान झूलेलाल का स्कॉर्फ पहनाकर, उनकी रक्षा की ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस अवसर पर संस्था की पूजा हेमानी, भानु मखीजा, सपना जसूजा, सीमा नचरानी, रेखा जीवतानी, ज्योति हुंदानी, हर्षा बलवानी, आरती छंगवानी एवं हिमांशी बत्रा उपस्थित रहीं।

नया ट्रेंड : पारंपरिक शब्दों की जगह इंटरनेट और पॉप कल्चर से निकले स्लैंग और एक्सप्रेशन में संवाद

# ऑनलाइन गेमिंग से नई पीढ़ी गढ़ रही डिजिटल भाषा, एक्सप्रेशन के साथ शॉर्ट टर्म में पूरी बात

कार्नर न्यूज

क्लच कर भाई, स्ले, ओपी, गर्ल मैथ जैसे शब्द आज की युवा पीढ़ी के लिए सिर्फ ट्रेंड नहीं, बल्कि नए संवाद की परिभाषा बन चुके हैं। सोशल मीडिया, गेमिंग और डिजिटल दुनिया की बढ़ती पकड़ ने युवाओं की बोली और भाषा में नया बदलाव ला दिया है। जेन-जी, अल्फा और मिलेनियल्स की यह पीढ़ी, अब पारंपरिक शब्दों की जगह इंटरनेट और पॉप कल्चर से निकले स्लैंग और एक्सप्रेशन को अपनाने लगी है। वाइब चेक, जीजी, डेलुलु, मैनिफेस्ट जैसे शब्द अब सिर्फ इंस्टाग्राम या गेमिंग चैट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम बोलचाल में भी जगह बना चुके हैं।

### गेमिंग स्लैंग ने बदली बातचीत की दिशा

ग्रॉफिक डिजायनर आर्यन देवांगन ने बताया कि युवा पीढ़ी अब कम शब्दों में बात खत्म कर देती है। गेंमिग में छोटे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे खेल को खेलने में आसानी हो जाती है। फोर्टनाइट बैटल रॉयल, मार्वल राइवल्स, ग्रैंड थेफ्ट ऑटो वी ऑनलाइन, ओवरवॉच, वार जोन कॉल ऑफ ड्यूटी जैसे गेमों में स्लैंग का इस्तेमाल किया जाता है। जैसे फ्लैंक आ रहा का मतलब पीछे दुश्मन है, कॉपी कर भाई का अर्थ समझ गया, पीजी का मतलब प्रो गेमर और 'तुम तो ओजी निकले' का मीनिंग ओरिजिनल गैंगस्टर होता है।



**रायपुर।** विशेषज्ञों के मुताबिक, भाषा सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि वह माध्यम है, जिससे कोई व्यक्ति अपनी सोच, भावना और नजरिया अभिव्यक्त करता है। जब सोचने-समझने का तरीका बदलता है तो भाषा भी अपने आप बदल जाती है। मोबाइल और इंटरनेट के दौर में नई पीढ़ी संवाद को तेज, छोटा और ज्यादा एक्सप्रेसिव बना रही है। अब शब्दों से ज्यादा इमोजी, एक्सप्रेशन और टोन मायने रखते हैं।

चैट में 'LOL', 'BRB', 'IDC', 'FR' जैसे शॉर्ट फॉर्म्स और जेन-जी स्लैंग तेजी से फैल रहे हैं। भाषा में हो रहे इस बदलाव को कुछ लोग संस्कृति से कटाव मानते हैं तो कुछ इसे नए युग की अभिव्यक्ति का तरीका मान रहे हैं।

### कम शब्दों में बात हो जाती है खत्म

सोशल मीडिया पर भी युवा अपनी स्टोरी, कैप्शन, पोस्ट और कमेंट सेक्शन में छोटे शब्दों या स्लैंग का इस्तेमाल करते हैं। स्टूडेंट के. प्रभात ने बताया कि ये भाषा हमें अपने दोस्तों के साथ जोड़ने का काम करती है। आसानी और कम शब्दों में बात खत्म हो जाती है। जैसे डेलुलु का मतलब अपने ही ख्वाबों में रहना। युवा ये शब्द चैट में, दोस्तों के साथ मस्ती-मजाक में बोलते हैं। आजकल कुछ शब्दों ने ट्रेंड सेट किया हुआ है, जिनमें रेड व ग्रीन फ्लैग, जिसका अर्थ सकारात्मक और नकारत्मक सोच के बारे में बताता है। मैनिफेस्ट मतलब इच्छा पूरी होना, स्ले यानी खूबसूरत व गर्ल मैथ का अर्थ खर्च होता है।

## सिटी लाइव

# रेट्रो टू मेट्रो थीम पर दीक्षारंभ समारोह फिल्मी गीतों पर दी रंगारंग प्रस्तुति



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के पहले दिन छात्रों को विभागाध्यक्ष द्वारा तकनीक एवं पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। वही कार्यक्रम की शुरुआत नवीन विद्यार्थियों के स्वागत के साथ की गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसे 'रेट्रो टू मेट्रो' थीम पर आयोजित किया गया। जहां शास्त्रीय नृत्य, साउथ इंडियन, पंजाबी, गुजराती एवं विभिन्न राज्यों के पारंपरिक लोकनृत्य पर प्रस्तुति दी गई।

### पारंपरिक लोकगीत की धूम

मेरे मन ये बता दे तू, किस ओर चला है...आजा नच ले, मेरे यार तू नचले...जैसे लोकप्रिय बॉलीवुड गानों पर प्रस्तुति दी गई। दीक्षारंभ समारोह के दौरान दर्शकों के बीच से तालियों के तेज आवाज से सभागार गूंज उठा, वहीं मंच पर प्रस्तुति के दौरान अन्य विद्यार्थी भी अपने स्थान पर झूमते गाते नजर आए। मनमोहक प्रस्तुति के दौरान सभी के चेहरे पर खिल उठे। इस दौरान लगभग सौ से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए। समापन अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आरआर बिराली रहे। कार्यक्रम का संयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. कप्तान सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## सिटी लाइव

# शासकीय नवीन महाविद्यालय में ज्ञान परंपरा पर हुई चर्चा



**रायपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रादेशिक देशज संसाधन एवं संस्कृति प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्कृत महाविद्यालय के संस्कृत के सहायक प्राध्यापक प्रवीण झाड़ी मौजूद रहे। उन्होंने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा विषय पर चर्चा की। उन्होंने उदाहरण के रूप में गुरु द्रोणाचार्य और एकलव्य के बारे में बताया। कहा, शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुदक्षिणा में उंगली मांगने पर एकलव्य ने अंगूठा अर्पित कर दिया। आज ऐसे आचार्यों की जरूरत है, जो शिष्यों को मार्ग दिखाएं।

### व्यवहार ऐसा हो कि ठेस न पहुंचे

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवहार ऐसा हो, जिससे किसी को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारी गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति की ख्याति पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की प्राध्यापिका एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. वंदना कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक गत्ती राजवंश कौर कोहली, डॉ. आशा दुबे, प्रोफेसर पीके नाग, नीतू सिंह, मधु उर्वशा और शुभ्रा तर्मा उपस्थित रहे।

## मेंटर डिटॉक्स विषय पर साइंस सेंटर में व्याख्यान, छात्रों का बढ़ाया आत्मविश्वास

# बच्चों को मिला 90/10 का मंत्र : दूसरों की राय को 10 प्रतिशत महत्व दें, 90 फीसदी अपने मन की करें

जीवन में हर व्यक्ति को 90/10 का नियम अपनाना चाहिए। अक्सर हम अपनी ऊर्जा का 90 प्रतिशत दूसरों के बारे में सोचने में लगा देते हैं कि लोग हमारे बारे में क्या सोचेंगे, क्या कहेंगे, हमारी पसंद-नापसंद पर उनकी राय क्या होगी। जबकि खुद अपने विकास और खुशियों के लिए हम मुश्किल से 10 प्रतिशत सोच पाते हैं। यह सोच हमें नकारात्मकता, ओवर थिंकिंग और डिप्रेशन की ओर ले जाती है, लेकिन आप अपने आत्मविकास, मानसिक शांति और उज्ज्वल भविष्य के बारे में 90 प्रतिशत सोचें और दूसरों की राय को सिर्फ 10 प्रतिशत महत्व दें।



*रायपुर। छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर द्वारा आयोजित पॉपुलर साइंस लेक्चर सीरीज के अंतर्गत ' मेंटर डिटॉक्स' पर प्रेरणादायक व्याख्यान पर आयोजित किया गया। जहां कचना और नरदहा स्थित तीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र शामिल हुए। इस दौरान मुख्य व्याख्याता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में डॉ. अरिजीत गोस्वामी उपस्थित रहे। लगभग 1 घंटे की मेंटल डिटोक्स कार्यशाला में विद्यार्थी जीवन में स्टेज फेयर, बेहतर व्यक्तित्व विकास, शिक्षण प्रणाली व जीवन जीने की कला को लेकर चर्चा की गई। जिसका समापन मैं बारिश की बोली समझता नहीं था, हवाओं से मैं यूं उलझता नहीं था...छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कविता की पंक्ति के साथ की गई।*



### सेल्फ डेवलपमेंट के लिए रूप ऑफ 15 की सलाह

सेल्फ डेवलपमेंट के लिए रूप ऑफ 15 को अपनाने की सलाह दी गई। कहा, व्यक्ति को अपने 24 घंटे के दिनचर्या में 15 मिनट समय खुद के लिए निकालना चाहिए, दिन में सुबह, दोपहर और शाम 5-5 मिनट समय अपनी गलतियों और कमियों को पहचानने के लिए निकालें। इससे आप खुद को सही राह में आगे बढ़ा सकते हैं।

### खुद की जिम्मेदारी खुद उठाएं

कार्यशाला के दौरान स्पीकर ने छात्रों से कहा कि अक्सर हम जीवन की असफलताओं या समस्याओं का कारण दूसरों को ठहराते हैं, चाहे वह परिवार हो, दोस्त हो या समाज, लेकिन असली विकास तब शुरू होता है, जब व्यक्ति गलती स्वीकार करना सीखता है। जब हम अपनी गलती स्वीकार करते हैं तो हम दोबारा उसे दोहराने से बचते हैं। यह प्रक्रिया व्यक्ति को सेल्फ एनॉलिसिस की ओर ले जाती है, जो आत्म-विकास की दिशा में पहला कदम है।

### तनाव, असंतोष और पछतावे से बचने के लिए ना कहना सीखें

बेहतर जीवन के लिए आप दूसरों को ना कहना सीखें। उदाहरण के तौर पर, अक्सर दोस्त या परिजन किसी काम के लिए आपसे सलाह लेते हैं और अपने साथ चलने की बात करते हैं। ऐसे में दूसरों को ना बोलना सीखें, अक्सर यह देखा गया है कि लोग आपको कहीं घूमने के लिए चलने कहते हैं और अपने चाहकर भी उसे मना नहीं कर पाते। अगर वह निर्णय आपका ऊर्जा, समय और प्राथमिकता को कम करे तो वहां न बोलें। उन्होंने समझाया कि जब व्यक्ति हर बार हां कहता है तो वह दूसरों की अपेक्षाओं को अपने आत्म-विकास से ऊपर रखने लगता है, जिससे तनाव, असंतोष और कभी-कभी पछतावा भी होता है।

# समर्थ पुरुष के जीवन में दोष दुख का कारण नहीं होता है

**रायपुर।** समर्थ पुरुष के जीवन में दोष दुख का कारण नहीं होता है। असमर्थ पुरुष में ही दोष दुखदायक होता है। सज्जनों में दोष भी गुण बन जाते हैं। जो समर्थवान व्यक्ति होता है, उस पर दोष का प्रभाव नहीं पड़ता है। सूर्य, अग्नि और गंगा समर्थवान है, इसलिए दोष इन पर प्रभाव नहीं डाल पाते हैं, क्योंकि इनमें जाने के बाद दोष गुण बन जाते हैं। भगवान शिव समर्थ हैं, साक्षात परमात्मा है। उनके साथ पार्वती का विवाह होना चाहिए, क्योंकि सारे लक्षण पार्वती के शिव पर घटित होते हैं। यह तुम्हारी पुत्री साक्षात शिव की अवतार है। पूर्व जन्म में दक्ष की पुत्री थी। आपकी तपस्या और वंश को पवित्र करने के लिए आपके कुल में उत्पन्न हुई। गुरुवार को श्रीशंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में जारी शिवपुराण कथा में डॉ. स्वामी इंदुभवानन्द तीर्थ ने कही।



### विद्वानों ने मंत्रोच्चार के साथ किया विधान

आगे बताया कि यह सदा सर्वदा भगवान शिव की अर्धांगिनी रही हैं, इसलिए हिमालय, तुमको किसी भी प्रकार का संदेह नहीं, बल्कि प्रसन्न होना चाहिए। यह उपदेश नारदजी ने पार्वती के लक्षण को देखते हुए हिमालय को दिए। कथा सत्संग में यजमान के रूप में पुहुप राम साहू, मनोरमा साहू एवं उनके परिवार के लोग उपस्थित थे। कर्मकांड का विधान श्री शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने मंत्रोच्चार के साथ कराया। इसमें आसपास रहने वाले परिवार के लोग भी प्रमुख रूप से शामिल हुए व कथा श्रवण किया।

# 30 उपवास करने वाली महामृत्युंजय तप की तपस्विनी मोहिनी का सम्मान

**रायपुर।** भावोल्लास चातुर्मास समिति एवं विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला में तीर्थप्रेम विजयजी ने उत्तराध्ययन सूत्र के पांचवे अध्याय पर अपने दिव्य वचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया। मुनिश्री ने इंद्रभूति गौतम स्वामी से जुड़े प्रसंगों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए बताया कि देवों द्वारा उनके लिए समहों शरण की रचना की गई थी, जिसमें 20,000 सीढ़ियां थीं। समहों शरण को तीन भागों में विभाजित किया गया।

प्रथम भाग में दिव्य रत्नों का गढ़, दूसरे भाग में स्वर्ण का गढ़ और तीसरे में पुनः रत्नों का गढ़ निर्मित किया गया। यह रचना जैन संस्कृति की दिव्यता और श्रद्धा का प्रतीक है। गौतम स्वामी के व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए मुनिश्री ने कहा कि वे एक उग्र, दिव्य और महातपस्वी थे। केवल 50 वर्ष की आयु में उन्होंने दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा से पूर्व वे



स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानते थे, यह अहंकार "मैं ही सब कुछ हूं" से शुरू होकर, महावीर भगवान की देशना से प्रेरित होकर "मैं परमात्मा का सेवक हूं" तक पहुंचा। उन्होंने घुटनों के बल खड़े होकर, सिर झुकाकर, विनम्रतापूर्वक भगवान महावीर की देशना सुनी, यही उनकी सबसे बड़ी विशेषता रही। प्रवचन के उपरांत महामृत्युंजय तप के अंतर्गत 30 उपवास पूर्ण करने वाली तपस्विनी मोहिनी देवी वैद्य का भावपूर्ण सम्मान किया गया।


# सावन महोत्सव में फ्लॉवर ज्वेलरी और गजरा के विशेष श्रृंगार से सजीं महिलाएं



**रायपुर।** जेसीआई वामांजलि द्वारा फाउंडेशन-डे एवं सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर देखने को मिला। शहर स्थित होटल इंडियन हेरिटेज मेंरहा में गुलाबी ड्रेस कोड के साथ सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जहां महिलाएं पारंपरिक परिधान व भारतीय संस्कृति के स्वरूप में नजर आईं। कार्यक्रम के दौरान फ्लॉवर ज्वेलरी और गजरा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने रैंप वॉक और 1 मिनट के टैलेंट शो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### सावन क्वीन बनीं महिमा

सावन महोत्सव के खास मौके पर महिलाओं ने सावन क्वीन, सर्वश्रेष्ठ परिधान, सर्वश्रेष्ठ मेकअप, सर्वश्रेष्ठ आभूषण, सर्वश्रेष्ठ प्रयास जैसे पुरस्कार से महिलाओं को सम्मानित किया। सावन क्वीन का खिताब महिमा साहू को दिया गया और रनर-अप अंजना शर्मा रहीं। नृत्य प्रतियोगिता में ममता शर्मा प्रथम स्थान पर रहीं। इस मौके पर सेन्सेट बोर्ड डायरेक्टर राजेश अग्रवाल शामिल हुए। अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत एवं संस्थापक प्रियंका गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान अध्यक्ष डॉ. अनन्या मिश्रा, सदस्य संगीता अनल, ईशानी तोतलानी, अर्चना द्विवेदी सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

























## सिटी स्पोर्ट्स

### प्लेयर ऑफ द ईयर आयुष और कृति, महमूद को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से संबद्ध खिलाडियों के लिए वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन गुरुवार को उमरिया, रायपुर में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राज्य एवं जिला स्तर के आयोजनों में वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इनमें सीएससीएस प्लेयर ऑफ द ईयर में पुरुष सीनियर वर्ग आयुष पांडे (सीज़न में 1165 रन, जिसमें 7 अर्द्धशतक और 2 शतक शामिल ), पुरुष जूनियर वर्ग में विकल्प तिवारी (सीज़न में 970 रन, जिसमें 5 अर्द्धशतक और 3 शतक शामिल) महिला सीनियर वर्ग में कृति गुप्ता (481 रन और 19 विकेट), महिला जूनियर वर्ग में महक नरवासे (395 रन और 34 विकेट), सीएससीएस का प्रतिनिधित्व करने वाले आईपीएल खिलाड़ी शशांक सिंह और अजय मंडल, वर्ष का सर्वश्रेष्ठ जिला प्लेट ग्रुप- कोरबा जिला क्रिकेट संघ और एलिट ग्रुप- रायपुर जिला क्रिकेट संघ, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड स्व. महमूद हसन और आजीवन उत्कृष्टता पुरस्कार विजय शाह शामिल हैं।

सर्वाधिक रन पाने वाले खिलाड़ी में पुरुष वर्ग के प्रदर्शन में रणजी ट्रॉफी आयुष पांडे 744 रन, विजय हजारे वनडे आशुतोष सिंह 222 रन, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अनुज तिवारी 109 रन, सी के नायडू ट्रॉफी आशीष कुमार डहरिया 624 रन, पुरुष अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी एक दिवसीय आयुष पांडे 391 रन, कूच बिहार ट्रॉफी विकल्प तिवारी 503 रन, वीनू मांकड़ ट्रॉफी साहिल रजत शरीफ 365 रन, विजय मर्चेंट ट्रॉफी आदित्य वर्मा 251 रन, राज सिंह




डूंगरपुर ट्रॉफी अंशुमन ठाकुर 174 रन, सर्वाधिक विकेट लेने वाला खिलाड़ी - पुरुष वर्ग का प्रदर्शन रणजी ट्रॉफी एम रवि किरण 27 विकेट,विजय हजारे एक दिवसीय हर्ष यादव 9 विकेट, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अजय मंडल 7 विकेट, सीके नायडू ट्रॉफी दीपक यादव 37 विकेट, पुरुष अंडर-23 राज्य ए ट्रॉफी एक दिवसीय वरुण सिंह भुई 16 विकेट, कूच बिहार ट्रॉफी धनंजय नायक 23 विकेट, वीनू मांकड़ ट्रॉफी विकल्प तिवारी 16 विकेट, विजय मर्चेंट ट्रॉफी वेदांत जैन 26 विकेट, राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी अंकुश कुमार 8 विकेट,सर्वाधिक रन पाने वाली खिलाड़ी महिला वर्ग प्रदर्शन में सीनियर महिला वनडे कृति गुप्ता 195 रन, सीनियर महिला टी-20 कृति गुप्ता 67 रन, महिला अंडर-23 एक दिवसीय यशा भारती देवांगन 135 रन, महिला अंडर-23 टी-20 कृति गुप्ता 148 रन, महिला अंडर-19 एक दिवसीय महक नरवासे 151 रन, महिला अंडर-19 टी-20 आकांक्षा रानी 87 रन, महिला अंडर-15 वनडे यति शर्मा 349 रन, सर्वाधिक विकेट लेने महिला वर्ग प्रदर्शन में सीनियर महिला वनडे सलोनी डोंगरे 15 विकेट, सीनियर महिला टी-20 प्रतिज्ञा सिंह 4 विकेट, महिला अंडर-23 वनडे शिवानी यादव 10 विकेट, महिला अंडर-23 टी-20 कृति गुप्ता 9 विकेट, महिला अंडर-19 वनडे महक नरवासे 12 विकेट, महिला अंडर-19 टी-20 शांति बघेल 5 विकेट, महिला अंडर-15 वनडे दीपिका भगत 14 विकेट,अंतर जिला टूर्नामेंट-2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों में अंडर-14 मनन देवांगन 445 रन, अंडर-19 वनडे बी बालाजी राव 273 रन, अंडर-19 मल्टी डे यश कुमार वर्दा 481 रन, सीनियर ग्रुप मल्टी डे अनुराग साहू 548 रन, सीनियर टी-20 संजीत देसाई 269 रन,सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी अंतर जिला टूर्नामेंट-2024 एलिट ग्रुप में अंडर-14 अर्शवीर सिंह भाटिया 34 विकेट, अंडर-19 वन डे उत्कृष्ट तिवारी 14 विकेट, 3 अंडर-19 मल्टी डे शिवम यादव 29 विकेट, सीनियर ग्रुप मल्टी डे वरुण सिंह भुई 26 विकेट, सीनियर टी-20 एमडी सोहेल 12 विकेट,सहायक स्टाफ पुरस्कार में वर्ष के उत्कृष्ट अंपायर मंजीत सिंह, वर्ष के उत्कृष्ट स्कोरर संतोष कुमार ठाकुर, वर्ष के उत्कृष्ट फिजियो किशोर नखले, उत्कृष्ट स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच अपूर्व भंडारी, वर्ष के उत्कृष्ट कोच अनिरुद्ध सिंह शामिल हैं।

## गंभीर चिंता का कारण बनती जा रही है 'सीवीडी' की समस्या

# 'सीवीडी' के चपेट में आ रहे शहरी इलाके में लोग, दिल से जुड़ी यह बीमारी तेजी से बढ़ रही हर उम्र के लोगों में

साल 2025 में अध्ययनों के विश्लेषण में वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि भारतीय आबादी सीवीडी का शिकार होती जा रही है। शहरी भारत में लगभग 12% वयस्क कोरोनरी आर्टरी डिजीज से प्रभावित हैं, इसके कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत भी हो रही है।

वैश्विक स्तर पर जिन बीमारियों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर हर साल अतिरिक्त दबाव बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज उनमें से प्रमुख है। भारतीय आबादी में भी इस रोग का खतरा तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है, जो गंभीर चिंता का कारण बनती जा रही है।

कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करने वाली बीमारियों का समूह है। सीवीडी कई प्रकार की स्वास्थ्य स्थितियों जैसे कि कोरोनरी आर्टरी डिजीज, स्ट्रोक, हार्ट फेलियर और धड़कनों से संबंधित समस्याओं का कारण बनती है जिसके कारण जान जाने का खतरा अधिक रहता है। साल 2025 में अध्ययनों के विश्लेषण में वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि भारतीय आबादी सीवीडी का शिकार होती जा रही है। शहरी भारत में लगभग 12% वयस्क कोरोनरी आर्टरी डिजीज से प्रभावित हैं, इसके कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत भी हो रही है। मरने वालों में 20 साल की उम्र से लेकर 80 साल तक के लोग शामिल हैं। आइए जानते हैं कि इसका खतरा क्यों बढ़ता जा रहा है और सीवीडी से बचे रहने के लिए पहले से क्या प्रयास किए जा सकते हैं?



### कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इसका जोखिम

अध्ययन की रिपोर्ट में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बदलती जीवनशैली ने सीवीडी को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बना दिया है। इसको लेकर लोगों को जागरूक करने की तत्काल आवश्यकता है। भारत में होने वाली लगभग 28% मौतों के लिए हृदय रोग जिम्मेदार हैं, जिससे ये देश में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण बन गए हैं। पिछले कुछ दशकों में भारत में सीवीडी और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

### सीवीडी से संबंधित मौतों में वृद्धि चिंताजनक



ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सीवीडी से संबंधित मौतों की संख्या 1990 में 2.26 मिलियन (22.6 लाख) से बढ़कर साल 2020 में 4.77 मिलियन (47.7 लाख) हो गई। यह वृद्धि न केवल जनसंख्या वृद्धि के कारण है, बल्कि रोग पैटर्न में बदलाव को भी दर्शाती है। भारत की शहरी और ग्रामीण आबादी, दोनों ही अलग-अलग तरीकों से इससे प्रभावित हैं। शहरी क्षेत्रों में हृदय रोग (सीवीडी) का प्रसार लगभग 14% होने का अनुमान है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह लगभग 8% है, जो पिछले दशकों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। यह वृद्धि शहरों से परे दूरदराज के क्षेत्रों में सीवीडी जोखिम कारकों के प्रसार को उजागर करती है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रवि प्रकाश बताते हैं, सीवीडी के कारण हृदय और रक्त वाहिकाओं पर सबसे ज्यादा असर होता है। उच्च रक्तचाप, अस्वास्थ्यकर आहार, हाई कोलेस्ट्रॉल-मधुमेह, वायु प्रदूषण, मोटापा, तंबाकू का सेवन, किडनी की बीमारी, शारीरिक निष्क्रियता और तनाव शामिल हैं। पारिवारिक इतिहास, जातीय पृष्ठभूमि, लिंग और आयु भी किसी व्यक्ति के हृदय



स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।

### इस खतरे से बचने के लिए क्या करें?

इस प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए जीवनशैली में बदलाव और जोखिम कारकों के प्रबंधन पर कम उम्र से ही ध्यान देते रहना जरूरी है। हृदय रोग (सीवीडी) को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए धूम्रपान छोड़ना, स्वस्थ आहार अपनाना, नियमित शारीरिक गतिविधि करना, वजन को कंट्रोल रखना, तनाव प्रबंधन और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना जरूरी है। चूंकि अब ये किसी विशेष उम्र से संबंधित समस्या नहीं रही है, इसलिए कम उम्र से ही अपने जोखिम कारको पर ध्यान देना और बचाव के उपायों का पालन करते रहना जरूरी है।



## बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों को लेकर रहें सचेत

जुलाई से अक्तूबर के महीने में दिल्ली-एनसीआर में मच्छर जनित रोगों के मामले बढ़ जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए सभी लोगों को निरंतर कुछ उपाय करते रहना चाहिए।

मानसून का ये मौसम कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है। मई-जून की भीषण गर्मी के बाद बारिश का ये समय सुकून देने वाला जरूर होता है पर ये अपने साथ कई प्रकार की बीमारियां भी लेकर आता है। बारिश के दिनों में जलजमाव बढ़ जाता है जो मच्छरों के प्रजनन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और आईसीएमआर जैसे संस्थानों की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में हर साल लाखों लोग इन बीमारियों की चपेट में आते हैं। मगर अच्छी बात ये है कि थोड़ी सी जागरूकता और बचाव के उपाय अपनाकर हम इन बीमारियों को खुद से और अपनों से दूर रख सकते हैं।

### मच्छर जनित रोगों का खतरा

साल 2023 के डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में हर साल 24 करोड़ से ज्यादा लोग मलेरिया से ग्रस्त होते हैं, जिनमें से 6 लाख से अधिक की मौत हो जाती है। डेंगू के मामले भारत में पिछले 5 वर्षों में दोगुने हो गए हैं।

आईसीएमआर रिपोर्ट बताती है कि बारिश के बाद रुका हुआ पानी मच्छरों की सबसे उपयुक्त प्रजनन भूमि बनता है, जिससे संक्रमण तेजी से फैलता है। जुलाई से अक्तूबर के महीने में दिल्ली-एनसीआर में मच्छर जनित रोगों के मामले बढ़ जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए सभी लोगों को निरंतर कुछ उपाय करते रहना चाहिए।

### डेंगू का खतरा

20 अप्रैल तक के डेटा पर गौर करें तो पता चलता है कि राजधानी दिल्ली-एनसीआर में डेंगू के 118 मामले रिपोर्ट किए गए। फिलहाल ये मामले पिछले साल की तुलना में कम हैं, जब साल 2024 में इस समय तक 130 केस सामने आए थे।

साल 2023 और 2022 में क्रमशः 47 और 74 डेंगू के मामले सामने आए थे। छत्तीसगढ़ में भी हालात बेहतर नहीं है बल्कि शहरी इलाकों से डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

## खुशहाली के लिए अपनाएं फेंगशुई के उपाय

फेंगशुई वास्तु शास्त्र में चीनी सिक्कों का विशेष महत्व होता है। फेंगशुई सिक्के सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को दर्शाते हैं। घर से नकारात्मकता को दूर करने के लिए घर के मुख्य दरवाजे और खिड़कियों पर सिक्कों लटकाया जाता है।

### फेंगशुई घंटी

फेंगशुई वास्तु शास्त्र में घरों में लटकती हुई घंटियों का विशेष महत्व होता है। घर के दरवाजे और खिड़कियों में फेंगशुई घंटी को टांगने पर वातावरण बहुत ही सकारात्मक और खुशनुमा होता है। समय-समय पर जब भी घंटियों की आवाज आती है तो घर का माहौल बहुत ही सकारात्मक हो जाता है और घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है।

### फेंगशुई सिक्का

फेंगशुई वास्तु शास्त्र में चीनी सिक्कों का विशेष महत्व होता है। फेंगशुई सिक्के सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को दर्शाते हैं। घर से नकारात्मकता को दूर करने के लिए घर के मुख्य दरवाजे और खिड़कियों पर सिक्कों लटकाया जाता है। इससे घर से दरिद्रता दूर



होती है। करियर-कारोबार में सफलता प्राप्त करने के लिए फेंगशुई के सिक्के को त्रिकोण में बांधकर रखना अच्छा होता है।

### डॉल्फिन मछली

मछली को शुभ और पवित्र माना जाता है। फेंगशुई में डॉल्फिन मछली को धन, खुशहाली और सुख-शांति का प्रतीक माना गया है। नौकरी, व्यापार में तरक्की और दांपत्य जीवन में सुख के लिए डॉल्फिन मछलियों का जोड़ा रखना बहुत शुभ माना गया है। मछली के जोड़ों को घर के नार्थ-ईस्ट में ड्राइंग रूम या लिविंगरूम में रख सकते हैं।


### ड्रैगन मछली

घर से नकारात्मकता को दूर करने के लिए फेंगशुई में ड्रैगन मछली को बहुत महत्व दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि सुनहरी ड्रैगन मछली घर की आर्थिक संपन्नता को बढ़ाने में मदद करती है।

एक तरफ जहां वास्तु में कुछआ को बहुत ही शुभ माना जाता है उसकी प्रकार फेंगशुई में इसका विशेष महत्व होता है। घर पर कछुए को रखने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। घर पर कछुआ रखने से तमाम तरह की बीमारियों और छिपे हुए दुश्मनों पर जीत मिलती है।

## माथे की बनावट बताती है आपका व्यक्तित्व

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार किसी व्यक्ति के शरीर की बनावट से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व के कई पहलुओं के बारे में विषेश जानकारी देती है। आज हम जानेंगे कि किसी व्यक्ति के माथे को देखकर उसके व्यक्तित्व के कौन-कौन से गुण पहचाने जा सकते हैं। सामुद्रिक शास्त्र में इस बात का वर्णन है कि किसी व्यक्ति के शरीर की बनावट से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व के कई पहलुओं के बारे में विषेश जानकारी देती है। चेहरे की बनावट, हाथ की उंगलियां, माथे और पैरों के तलवे, ये सब व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव के बारे में संकेत देते हैं। आज हम जानेंगे कि किसी व्यक्ति के माथे को देखकर उसके व्यक्तित्व के कौन-कौन से गुण पहचाने जा सकते हैं।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### अफेयर कांड के बाद क्रिस का पहला रिएक्शन, ऑडियंस को दी चेतावनी



कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जो 'अफेयर कांड' हुआ, उसे क्रिस मार्टिन भी भुला नहीं पाए हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में हुए कॉन्सर्ट में इसको लेकर चुटकी ली। अपनी ऑडियंस को चेतावनी भी दी कि अब 'किस कैम' किसी को बड़ी स्क्रीन पर लाने वाला है, इसलिए तैयार हो जाएं। कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जो इस समय चारों तरफ वायरल है। हम बात कर रहे हैं एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की। जो एक-दूसरे की बांहों में खोए हुए थे और कॉन्सर्ट के दौरान अचानक कैमरे ने उनपर फोकस कर दिया और सिंगर क्रिस मार्टिन ने 'गलती' से उन्हें एक्सपोज कर दिया। अब क्रिस को अमेरिका के मैडिसन में कॉन्सर्ट में दर्शकों को कुख्यात 'किस कैम' के बारे में आगाह करते हुए देखा गया, वो भी मजेदार तरीके से। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें मैडिसन कॉन्सर्ट के दौरान 'कोल्डप्ले' के फेमस सिंगर क्रिस मार्टिन को वहां मौजूद दर्शकों के साथ बात करते हुए देखा गया। उन्होंने शुरुआत करते हुए कहा, 'हम भीड़ में से आपमें से कुछ लोगों को हैलो कहना चाहते हैं।' क्रिस ने वायरल 'अफेयर एक्सपोज' पर चुटकी लेते हुए कहा, 'अब हम जो करने जा रहे हैं, वो ये है कि हम अपने कैमरों का इस्तेमाल करेंगे और आपमें से कुछ लोगों को बड़ी स्क्रीन पर लाएंगे। इसलिए प्लीज अगर आपने अभी तक मेकअप नहीं किया है तो अभी कर लें।' जैसे ही क्रिस ने अपनी परफॉर्मेंस को फिर से शुरू किया, दर्शक जोर-जोर से हंसने लगे। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट को हाल ही में कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान गले मिलते हुए पकड़े गए।

## टॉलीवुड

### सामने आया सुधीर बाबू का लुक, आज रिलीज होगा 'जटाधरा' का टीजर



सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जटाधरा' का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है। इस पोस्टर में सुधीर बाबू को एक शक्तिशाली योद्धा के रूप में और सोनाक्षी सिन्हा एक अनोखे अवतार में पेश किया गया है। फिल्म 'जटाधरा' के संगीत निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा का अनोखा अंदाज फैंस को पसंद आ रहा है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इंतजार खत्म, जटाधार की पौराणिक कथाओं और दृश्यों से भरपूर इस अद्भुत नजारे के गवाह बनिए। सुधीर बाबू, सोनाक्षी सिन्हा और भगवान शिव की एक झलक पर्दे पर चार चांद लगा देगी। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने एक बार फिर भारतीय सिनेमा को नई परिभाषा दी है। टीजर 8 अगस्त को रिलीज किया जाएगा।' इस पोस्टर से पहले फिल्म 'जटाधरा' से सोनाक्षी का लुक महिला दिवस के दिन सामने आया था। इस लुक को सोनाक्षी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था और कैप्शन में लिखा, 'इस महिला दिवस पर जटाधरा में शक्ति और सामर्थ्य का एक प्रकाश स्तंभ उभर रहा है।' फिल्म 'जटाधरा' एक पौराणिक थ्रिलर है, जिसमें भारतीय पौराणिक कथाओं को रोमांचक दृश्यों और डार्क फैंटेसी के साथ जोड़ा गया है। पोस्टर में त्रिशूल, गरजते बादल, भगवान शिव की छाया, और सोनाक्षी सिन्हा का रोद्र रूप दिखाई दे रहा है, जो कहानी को और रहस्यमयी बनाता है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी यह फिल्म शानदार वीएफएक्स का वादा करती है। इसका टीजर 8 अगस्त, 2025 को रिलीज किया जाएगा।

## भोजपुरी

### खेसारी का रक्षाबंधन पर 'अग्निपरीक्षा' फिल्म का 'बहिनी के प्यार' गीत रिलीज



अगस्त का महीना आ गया है। इसी महीने है भाई-बहन के प्यार का त्यौहार रक्षाबंधन। इस त्योहार को और स्पेशल बनाने खेसारी लाल यादव ने अपना नया गाना रिलीज किया है। खेसारी लाल यादव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अग्निपरीक्षा' की तैयारियों में व्यस्त हैं। 'बहिनी के प्यार' नाम के इस गाने में त्योहार के सेलिब्रेशन के साथ भाई-बहन के प्यार को दिखाया गया है। खेसारी लाल यादव अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी फैंस के बीच लोकप्रिय हैं। अक्सर उनके रोमांटिक गाने रिलीज होते हैं, मगर आज उन्होंने रक्षाबंधन फेस्टिवल स्पेशल गाना दर्शकों को दिया है, जिसमें भाई-बहन के रिश्ते की खूबसूरती को दिखाया गया है। 'बहिनी के प्यार' गाने को खेसारी लाल यादव और राज नंदिनी ने गाया है। इसके बोल कुंदन प्रीत ने लिखे हैं। यह गाना खेसारी लाल यादव और ऋतु चौहान पर फिल्माया गया है। यह गाना सुर म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अब तक गाने को डेढ़ लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। 'बहिनी के प्यार' फिल्म 'अग्निपरीक्षा' का दूसरा गाना है। इससे पहले फिल्म का 'अहिरान' रिलीज किया गया था। इस गाने ने खूब धूम मचाई। बता दें कि 'अहिरान' गाने में खेसारी के साथ अकांक्षा पुरी और चाहत सिंह नजर आईं। खेसारी लाल यादव की फिलम 'अग्निपरीक्षा' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। हालांकि, इसकी रिलीज डेट को लेकर अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

**परंपरा को सहेजने**

**लाइफ स्टाइल**



> फ़ैशन डिज़ाइनों की सांस्कृतिक विरासत में किसी खास डिज़ाइन को स्टाइलिश ढंग से उकेरा जाता है। दुनिया भर के डिज़ाइनर के बीच पुराने सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत करने का ट्रेंड जोरों पर चल रहा है। जिसमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिले रूपांकनों, कपड़ों और तकनीकों का उपयोग कर अन्य संस्कृतियों से भी सीखते हैं। भारत में भी फैशन डिजाइनर इस ट्रेंड के साथ चल रहे हैं।

# चेहरे की ड्राईनेस कर रही है परेशान तो ट्राई करें जरूरी स्किन केयर टिप्स

चेहरे की ड्राईनेस को कम करने के लिए जरूरी है कि आप सही स्किन केयर टिप्स को फॉलो करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे त्वचा फ्रेश नजर आती है। साथ ही, चेहरे पर सही चीजों का इस्तेमाल भी करने को मिल जाता है। मौसम बदलते ही स्किन ड्राई और बेजान हो जाती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह सिर्फ हवा नहीं, बल्कि आपकी छोटी-छोटी लापरवाहियां भी हो सकती हैं? डर्मेटोलोजिस्ट स्वाति ने कुछ ऐसे स्किन केयर टिप्स के बारे में बताया। जिसे ट्राई करके आप भी अपनी स्किन की ड्राईनेस को कम कर सकते हैं। साथ ही, चेहरे की रंगत को निखार सकते हैं।



### इंस्टेंट नहीं चेहरे को दें डीप हाइड्रेशन

चेहरे पर ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिसमें हायल्यूरोनिक एसिड, ग्लिसरीन और सेरामाइड्स हों। ये स्किन की डीप लेयर्स तक जाकर उसे लंबे समय तक हाइड्रेट रखते हैं। साथ ही, चेहरे ग्लो अलग से नजर आता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही मॉइश्चराइजर को सही तरीके से चेहरे पर अप्लाई करें।

### नाइट केयर रूटीन को इग्नोर न करें

सोने से पहले स्किन को अच्छे से क्लीन करके एक हाइड्रेटिंग सीरम, फेस ऑयल और नाइट क्रीम लगाएं। यह स्किन की रिपेयरिंग में मदद करता है। साथ ही, चेहरे का ग्लो बढ़ाता है। आपको इसे कभी भी इग्नोर नहीं करना चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए अपने एक्सपर्ट से भी सलाह ले सकते हैं, ताकि आपकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### चेहरे पर फेस मिस्ट का करें इस्तेमाल

दिनभर में स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए चेहरे पर एलोवेरा या गुलाब जल वाला फेस मिस्ट स्प्रे करें। ये स्किन को तुरंत हाइड्रेट करता है। साथ ही, चेहरे पर ग्लो बढ़ाता है। आप इसे बनाने के बाद स्टोर करके फ्रीज में रखें, ताकि आपकी स्किन का ग्लो बना रहे।
चेहरे की ड्राईनेस कर रही है परेशान तो इसके लिए आप स्किन केयर का खास ध्यान रखें। चेहरे पर ज्यादा चीजों का इस्तेमाल न करें। केमिकल प्रोडक्ट से भी स्किन खराब हो सकती है।

# राखी पर यंग गर्ल्स स्टाइल करें कुछ ऐसे पटियाला सलवार-सूट



यदि आप भी राखी पर अपना लुक फैशनेबल बनाना चाहती हैं, तो आज हम आपको कुछ पटियाला सलवार-सूट के डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं। जिनको यंग गर्ल्स स्टाइल कर सकती हैं। रक्षाबंधन का त्योहार हर भाई-बहन के लिए बेहद खास होता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के साथ खूब सजती-संवरती हैं। ऐसे में आपने भी अगर रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू कर दी हैं, लेकिन आप अभी तक अपने लुक को लेकर कंफ्यूज हैं, तो आज हम आपको पटियाला सलवार-सूट के डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप भी आइडिया लेकर अपना लुक फैशनेबल बना सकती हैं। वैसे तो पटियाला सूट पंजाबी क्लचर की पहचान है, लेकिन आज हर कोई इन्हें पहनना पसंद कर रहा है। पटियाला सूट कैरी करने के बाद आपकी पर्सनॅलिटी काफी निखर जाती है। यह आपके लुक को परफेक्ट ट्रेडिशनल टच देते हैं। यंग गर्ल्स पटियाला सूट को काफी पसंद भी करती हैं। ऐसे सूट कैरी करने में काफी आरामदायक होते हैं। पटियाला सूट एवरग्रीन सूट की कैटेगरी में आते हैं। यदि आप भी इस राखी अपना लुक अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो आइए एक नजर डाल लेते हैं लेटेस्ट पटियाला सूट डिजाइंस पर जिनसे आप भी आइडिया ले सकती हैं।



### रेड पटियाला सूट

यदि आप इस रक्षाबंधन अपना लुक गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो रेड कलर का यह पटियाला सूट आपके लिए बेस्ट रहेगा। इसको कैरी करने के बाद आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। रेड कलर का यह प्लेन पटियाला सूट आपके राखी लुक को अट्रैक्टिव बना देगा। इस सूट के दुपट्टे पर सिल्वर कलर की लेस लगी हुई है। यह लेस किनारों से लेकर पूरे दुपट्टे पर लगी हुई है। ऐसे में सूट का ऑल ओवर लुक काफी गॉर्जियस लग रहा है।

# टूटकर पतले हो गए हैं बाल तो इस हेयरपैक का करें इस्तेमाल

मानसून के मौसम में नमी और पसीने की वजह से बालों की जड़े कमजोर हो जाती है। इससे हेयर फॉल की प्रॉब्लम सबसे ज्यादा नजर आती है। आप इसके लिए घर की चीजों का बालों में इस्तेमाल करें।



### क्यों फायदेमंद है मेथी और कलौंजी का हेयर पैक?

प्रोटीन और निकोटिनिक एसिड होता है जो बालों की ग्रोथ बढ़ाता है, डैंड्रफ और स्कैल्प इन्फेक्शन को कम करता है। बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है। वहीं कलौंजी में एंटीऑक्सीडेंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है। ऐसे में बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। इसलिए आप इन दोनों चीजों का हेयर पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।

### हेयर पैक बनाने का तरीका


इसके लिए आपको मेथी दाने और कलौंजी को रातभर पानी में भिगो देना है। अगली सुबह इन दोनों को पीसकर एक स्मूद पेस्ट बना लें। इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल को मिक्स करें।इस पैक को बालों से लेकर जड़ों तक अप्लाई करें। इस पैक को 30 मिनट तक बालों में लगा रहने दें। फिर शैंपू से बालों को साफ कर लें। इससे आपके बालों के टूटने की समस्या कम हो जाएगी।

### इन बातों का रखें खास ध्यान

अगर आप हेयर फॉल प्रॉब्लम को कम करना है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। हेयर पैक का इस्तेमाल हफ्ते में 1 बार ही करें, ताकि आपको किसी तरह की कोई प्रॉब्लम न हो।

# हाथों की खूबसूरती बढ़ाएंगे फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइंस

हाथों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि आप नेल आर्ट डिजाइंस को अलग तरह से क्रिएट करें। ऐसा इसलिए क्योंकि अलग तरह के डिजाइन वाले नेल आर्ट से आपके हाथों की रौनक दोगुनी हो जाएगी।



### 3 डी डिजाइन फ्लोरल नेल आर्ट

आप अपने हाथों की रौनक को बढ़ाने के लिए 3 डी डिजाइन वाले नेल आर्ट को करा सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट से हाथ सुंदर नजर आएंगे। इसके लिए आपको बस डिजाइन को पसंद करके इसे नाखूनों पर क्रिएट करवाना है। इसके बाद जेल नेल कलर से इसे सेट करना है। इससे नाखूनों पर यह नेल आर्ट काफी अच्छी लगेगी। इसे करवाने के लिए आपको थोड़े ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

### हाफ फ्लोरल डिजाइन वाला नेल आर्ट डिजाइन

अगर आपके हाथ सिंपल अच्छे नजर नहीं आ रहे हैं, तो ऐसे में आप हाफ फ्लोरल डिजाइन नेल आर्ट को क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट से आपके हाथ सुंदर नजर आएंगे। इसमें हाफ फ्लावर डिजाइन को क्रिएट किया जाता है। साथ ही, इसके बेस कलर को लाइट रख जाता है। इससे नाखून अच्छे नजर आते हैं। इसे भी आप अपने हाथों में करा सकते हैं।

### सिंपल फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइन

नाखूनों पर आप सिंपल फ्लोरल नेल आर्ट को करा सकते हैं। इस तरह के नेल आर्ट से आपके हाथ सुंदर नजर आएंगे। इसमें पेंटिंग डिजाइन में फूलों को क्रिएट किया जाएगा। इसके बाद इसमें रंग भरे जाएंगे। इससे हाथों में यह काफी अच्छा लगेगा।

**कार्नर न्यूज**

**ग्लैमर के चक्कर में हेयर स्टाइल को न भूल जाएं**

# आउटफिट के हिसाब से बनाईए अपनी हेयर स्टाइल, सबसे अलग हो जाएगा आपका लुक

जिस तरह से आउटफिट के हिसाब से मेकअप और ज्वेलरी कैरी की जाती है, ठीक उसी प्रकार से आउटफिट के हिसाब से ही हेयर स्टाइल भी बनाई जाती है। सही हेयर स्टाइल की वजह से ही आपका लुक पूरा लगता है। वहीं अगर आउटफिट के हिसाब से हेयर स्टाइल न बनाया जाए तो लुक देखने में अजीब भी लगता है। यही वजह है कि फैशन के लिए अब महिलाएं अलग-अलग हेयर स्टाइल ट्राई करती रहती हैं।
पर, क्या आप जानती हैं, कि कुछ हेयर स्टाइल भले ही आपके लुक को अच्छा दिखाएं, लेकिन उनकी वजह से आपके बाल तेजी से झड़ने लगेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही हेयर स्टाइल्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ज्यादा बनाने के हेयर फॉल तेजी से बढ़ता है।

### स्लीक पोनीटेल

आजकल महिलाएं और युवा लड़कियां वेस्टर्न आउटफिट के साथ स्लीक पोनीटेल बनाना पसंद करती हैं। स्लीक पोनीटेल में पहले तो बालों को अच्छी तरह से खींचा जाता है, और फिर उसपर रबड़ लगाया जाता है। ऐसा करने के बाद स्लीक पोनीटेल बनती है। ये हेयर स्टाइल बालों की जड़ों पर दबाव डालती है, जिससे जड़ें कमजोर होती हैं।



### स्लीक बन

इस तरह का स्लीक बन भी बालों को जड़ों से कमजोर बनाता है। स्लीक बन बनाने के लिए पहले तो बालों में जेल लगाकर अच्छी तरह से उसे खींच कर सेट किया जाता है और फिर इससे जूड़ा बनाया जाता है। इसे सही से सेट करने के लिए खूब सारी जूड़ापिन का इस्तेमाल किया जाता है। इसी वजह से इस कारण भी बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और फिर हेयर फॉल बढ़ जाता है।

### कॉर्नरो ब्रैड्स

ये हेयर स्टाइल वैसे तो विदेशों में ज्यादा प्रचलित है, लेकिन अब इसका ट्रेंड भारत में भी देखने को मिल रहा है। कॉर्नरो ब्रैड्स में बालों को जड़ों से गूंथा जाता है। इस हेयर स्टाइल में बालों को कई भागों में बांटा जाता है। जिस कारण जड़ों पर अत्याधिक दबाव पड़ता है। यदि आपको भी कॉर्नरो ब्रैड्स पसंद हैं तो सोच-समझ कर ही इसे ट्राई करें। इसकी वजह से भले ही आपका लुक अच्छा दिखे, लेकिन इसकी वजह से बालों का झड़ना आपको परेशान कर सकता है।

### टाइट चोटी

ये हेयर स्टाइल अक्सर महिलाएं और लड़कियां तब कैरी करती हैं, जब वो घर पर रहकर ही बालों में तेल लगाती हैं। तेल लगाने के बाद वो अपने बालों को टाइट से एकत्रित करके चोटी को गूंथ लेती हैं।

